हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 310 देहरादून, शनिवार, 08 जून, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 16





वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनी अनुभूति भारद्वाज, देश के लिए भरेंगी उड़ान 3


# मलिन बस्तियों के चिन्हीकरण और सूचीबद्ध करने के निर्देश : सीएस राधा रतूड़ी






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 08 जून : अधिकारियों को मलिन बस्तियों के सुधार, पुनरुद्धार व पुनर्वासन हेतु अत्यन्त संवेदनशीलता एवं मानवीयता के साथ कार्य करने की नसीहत देहरादून 08 जून : मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को नगर निकायों में अवस्थित मलिन बस्तियों के चिन्हीकरण के बाद सूचीबद्ध रिपोर्ट एक सप्ताह में शासन को भेजने के निर्देश दिए हैं, ताकि उनके विकास, पुनरूद्वार व पुनर्वासन की कार्ययोजना पर जल्द से जल्द कार्य आरम्भ किया जा सके। सीएस राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को राज्य में मलिन बस्तियों के सुधार, विनियमितीकरण, पुनरूद्धार, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यस्थापन के लिए अत्यन्त संवेदनशीलता एवं मानवीयता के साथ प्रभावी कार्ययोजना पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने इस सम्बन्ध में शहरी विकास विभाग तथा आवास विभाग की एक बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने शहरी विकास विभाग को सफाई कर्मियों के लिए पर्याप्त आवास एवं बीमा की व्यवस्था हेतु कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए हैं। सीएस ने मलिन बस्तियों हेतु प्राधिकरण के माध्यम से कॉर्पस फण्ड के निर्माण के भी निर्देश दिए हैं।बैठक में जानकारी दी गई कि शासन की अधिसूचना संख्या 2154 दिनांक 21 दिसम्बर 2016 की विभिन्न श्रेणियों के तहत जनपद बागेश्वर में श्रेणी एक की 04 मलिन बस्तियां तथा श्रेणी दो की 02 मलिन बस्तियां, हरिद्वार में श्रेणी एक की 57 मलिन बस्तियां, श्रेणी दो की 02, श्रेणी तीन की 24, नैनीताल में श्रेणी एक की 37, श्रेणी दो की 01, श्रेणी तीन की 23, अल्मोड़ा में श्रेणी एक की 04, देहरादून में कुल 128 मलिन बस्तियों चिहिन्त की गई हैं। बैठक में प्रमुख सचिव रमेश कुमार सुधांशु सहित अन्य अधिकारी तथा वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## उत्तराखंड के खिलाड़ियों को सरकारी सेवा में मिलेगा इतने प्रतिशत आरक्षण, शासनादेश जारी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 08 जून : खेल मंत्री रेखा आर्य ने बताया कि सरकारी सेवा में अब से प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों को चार प्रतिशत तक का आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है। प्रदेश के होनहार खिलाड़ियों के लिए राज्य सरकार ने खुशखबरी दी है, राज्य के खिलाड़ियों के लिए अब सरकारी सेवा में 4% आरक्षण मिलने का रास्ता साफ़ हो गया है। राजभवन से मंजूरी मिलने के बाद शासनादेश भी जारी कर दिया गया है।





खेल मंत्री रेखा आर्य ने सीएम धामी जी का आभार जताते हुए मुख्य सचिव को पत्र लिखकर उत्तराखंड लोक सेवा के लिए (कुशल खिलाड़ियों के लिए क्षैतिज आरक्षण) विधेयक के प्रावधानों के अनुसार खेल कोटा की निर्धारण करते हुए विभिन्न विभागों से रिक्त पदों के सापेक्ष अधियाचन की तैयारी करवाने का आदेश दिया गया है, और संबंधित आयोग को प्रेषित करने को कहा गया है।प्रदेश सरकार ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान कुशल खिलाड़ियों के लिए सरकारी सेवाओं में आरक्षण प्राप्त करने की संबंधित विधेयक को मंजूरी दी। यह निर्णय मार्च में राजभवन द्वारा भी अनुमोदित किया गया था ।इसमें स्पष्ट किया गया है कि सरकारी विभाग, सहकारी समिति, बोर्ड या निगम, सरकार द्वारा नियंत्रित किए जाने वाले कानूनी निकाय और शासित प्रदेश के शिक्षण संस्थान और विश्वविद्यालय इस विधेयक के अनुसार खिलाड़ियों को आरक्षित करेंगे। इस निर्णय के साथ ही, ओलंपिक से लेकर अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेल या 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' के पदक विजेताओं को भी पदों की श्रेणी तय की गई है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि पूर्व में, राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ी अन्य राज्यों को सेवाएं देते थे, लेकिन अब ऐसे खिलाड़ी राज्य में ही अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। उन्होंने सभी खिलाडियों को खिलाड़ियों भी दी हैं।

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में तेजी दिखाए अधिकारी : आशीष चौहान, डीएम




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी 08 जून : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में सीएम हेल्पलाइन और ई-ऑफिस के संबंध में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों के समाधान में हो रही देरी पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। विशेषकर, जल संस्थान, ग्रामीण निर्माण विभाग, निकायों और पंचायती राज विभाग के मामलों में 36 दिन से अधिक समय तक लंबित शिकायतों पर जिलाधिकारी ने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निवारण एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इस दिशा-निर्देश का पालन न करने पर संबंधित अधिकारी के वेतन आहरण पर रोक लगाने की सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में ई-ऑफिस प्रणाली की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पत्रावलियों को ई-ऑफिस के माध्यम से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने जिला कार्यालय की पत्रावलियों को ई-ऑफिस के माध्यम से प्रस्तुत न करने पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी का स्पष्टीकरण तलब किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली का सही और प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है।

# आप दुकान से अंडे लाते हो कहीं वो नकली तो नहीं



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 08 जून : एक बार फिर से मार्केट में अंडों की डिमांड बढ़ गई है। जिस दुकान से आप सफेद अंडे खरीदते हैं, वो नकली भी हो सकते हैं। जिसे आप हेल्दी समझ के खाते हैं, वो आपके लिए अनहेल्दी भी हो सकते हैं। शाम को ऑफिस से घर जाते और सुबह जल्दी आते वक्त ठंड रहती है। ऐसे मौसम में उबले अंडे या ऑमलेट जैसी चीजें ब्रेकफास्ट में लेना बेहतर है। अंडे की कैरेट ही खरीद कर रख लेते हैं।

ताकि बार-बार बाजार से खरीदने की झंझट ही खत्म हो जाए। सर्दियों के दिनों में हर रोज अंडे खाते हैं, लेकिन 2 साल पहले हमें एक घटना के दौरान पता लगा कि अंडा नकली है। यानी प्लास्टिक के थे। अब अंडे खरीदने के बाद उसकी क्वालिटी जरूर चेक करना और दूसरों को सलाह भी जरूर देना। कैसे पता चलेगा कि दुकान से खरीदा अंडा सिंथेटिक का है या नेचुरल? रीमा हिंगोरानी के अनुसार, आपको अंडा खरीदने के बाद थोड़ा ध्यान देना होगा। जैसे- सिंथेटिक अंडे का सफेद पार्ट रफ होगा। नेचुरल चिकना होता है। अंडे को उबालकर, उसे छीलकर, जब कट करेंगे, तो उसका योक जरूरत से ज्यादा पीला दिखाई दे, तो इसका मतलब है अंडे में कुछ गड़बड़ है। क्या बाजार में आर्टिफिशियल या सिंथेटिक अंडों के अलावा और भी किसी तरह के अंडे बिकते हैं?

जी बिल्कुल, बाजार में प्लास्टिक के अंडे भी बिकते हैं। ये चीन से आते हैं। जो आपकी सेहत बिगाड़ सकते हैं। बाजार में आर्टिफिशियल, सिंथेटिक या प्लास्टिक जैसी चीजों से अंडे बनाकर बेचे जा रहे हैं, ऐसे में कैसे पता चलेगा कि हम जिस दुकान से अंडे खरीद रहे हैं, वो असली हैं या नकली। नकली अंडे का सफेद और पीला पार्ट आपस में क्यों मिल जाता है.नकली अंडे का पीला और सफेद हिस्सा, दोनों एक ही मटेरियल से बनाया जाता है। इसलिए वो मिक्स हो जाता है। अगर हम दुकान से अंडे खरीदकर ला रहे हैं और उसकी क्वालिटी चेक किए बगैर खाएं, तो क्या इसका कोई साइड इफेक्ट हमारे हेल्थ पर होगा।आर्टिफिशियल या प्लास्टिक के अंडे किसी भी इंसान के लिए खतरनाक हो सकते हैं। क्योंकि ये अलग-अलग तरीके के केमिकल कंपाउंड से बने होते हैं।

आर्टिफिशियल अंडे खाने से आपको क्या नुकसान पहुंच सकता है, इसके लिए नीचे दिए ग्राफिक को पढ़ें-नकली अंडे खाने का कोई लॉन्ग टर्म इफेक्ट भी है क्या।बिल्कुल है। रीमा हिंगोरानी के अनुसार की जितनी लाइफस्टाइल इश्यूज हैं, वो धीरे-धीरे दिखनी शुरू होंगी।अगर हार्मोन पर असर हो रहा है, तो लड़कियों को पीरियड प्रॉब्लम हेयर ग्रोथ जल्दी होना एक्ने की समस्या आएगी। आम लोगों को डायबिटीज बढ़ना थायराइड बढ़ना हार्मोनल डिसबैलेंस जैसी दिक्कत हो सकती है। अंडे खरीदने के बाद उसकी क्वालिटी कैसे चेक करनी है, ये तो पढ़ लिया। अब बताइए कि अंडे खरीदने से पहले हमें किन बातों का ख्याल रखना चाहिए? कोशिश करिए कि आप ऑर्गेनिक अंडे ही लें। जिस दुकान से ले रहे हैं, उस दुकान में अंडे कहां से आते हैं, ये पता कर लें। आपकी भागदौड़ भरी जिंदगी में ऐसा करना थोड़ा मुश्किल है, फिर भी कोशिश करें कि किसी फर्म से कोई कांटेक्ट है, तो उसे खरीदें।

# कुछ बेहतर की चाहत रखेंगे तभी आलस त्याग पाएंगे



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 08 जून : थोड़े से लालच के बिना, कुछ बेहतर हासिल करने की इच्छा के बिना प्रगति नहीं होती। दुनिया इसलिए प्रगति करती है कि हम बेहतर जीवन जीना चाहते हैं। बेहतर चाहते हैं इसलिए नए आविष्कार होते हैं। आप किसी ऐसी चीज से कतरा रहे हों जो आपको करनी चाहिए, तो आपको खुद से पूछना है कि इसमें मेरे लिए क्या है? थोड़े लालची बन जाएं। यह आलस का सबसे बढ़िया इलाज है।अ

ंतरात्मा आत्मा का वह प्रकाश है जो हमारे मनोवैज्ञानिक हृदय के कक्षों के भीतर जलता है। यह उतना ही असली है जितनी कि जिंदगी। जब सदाचार के विपरीत कोई चीज सोची या की जाती है, तो यह विरोध में आवाज उठाती है। अंतरात्मा सत्य का ऐसा रूप है जो सही या गलत के बारे में हमारे खुद के कार्यों और भावनाओं के रूप में हमें मार्गदर्शन देती रहती है। पहनावा आपकी सोच और एनर्जी दोनों को बूस्ट कर सकता है। प्रोफेशनल स्पीकर मार्क जॉर्डन कहते हैं कि अच्छा दिखने से आप सामने वाले को खुद के बारे में संदेश देते हैं कि आप बेहतर मूड में हैं, आपके पास पूरा अधिकार है, आप पूरी तैयारी के साथ काम करते हैं, हमेशा होशियार रहते हैं और सफल हैं। जबकि खराब पहनावा आपके लापरवाही प्रभावी और महत्वहीन होने का संदेश देता है।

आपको जो काम करना है उससे पूरी तरह से परिचित हो जाएं। जीवन में ऐसा कोई काम न करें, जिसमें आपकी रुचि न हो क्योंकि जिस काम में आपकी रुचि नहीं होती, उसे आप हमेशा अधूरे मन से करते हैं। आप अपने मन में इस बात को बैठा लें कि अगर जीवन में आगे बढ़ना है तो जोश बहुत काम आता है। बिना जोश के आपके मन में निराशा के भाव पैदा होने लगेंगे और आप आगे नहीं बढ़ पाएंगे।

# कर लें तैयारी, हर तरह की मौज मस्ती है उत्तराखंड की इस खूबसूरत जगह पर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 08 जून : वीकेंड मस्ती ख़ोरों के लिए हर हफ़्ते मस्ती के दिन का इंतज़ार रहता है ख़ास तौर से दिल्ली के आसपास रहने वालों की घूमने-फिरने की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। जिसमें टॉप पर रहता है उत्तराखंड कोई शक नहीं ये जगह बेहद खूबसूरत हैऔर घूमने वाली जगहों की तो यहां कमी ही नहीं। लेकिन बजट और दिनों को देखते हुए ज्यादातर लोग मसूरी, नैनीताल तक का ही प्लान बनाते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं वीकेंड मस्ती के लिए यहां एक और जगह है, जो बजट में होने के साथ ही मौज-मस्ती के लिहाज से भी बेस्ट है।

ये जगह है नई टिहरी।

न्यू टिहरी, उत्तराखंड की एक बेहद खूबसूरत जगह है। जो खासतौर से अपने टिहरी बांध के लिए मशहूर है। इसकी गिनती दुनिया के चुनिंदा सबसे ऊंचे बादलों में होती है। तो क्यों न इस बार उत्तराखंड के इस डेस्टिनेशन को वीकेंड में एक्सप्लोर करने का प्लान बनाएं। यहां आकर आप रिवर-राफ्टिंग, ट्रैकिंग, रॉक क्लाइंबिंग जैसी एडवेंचर एक्टिविटीज के भी मजे ले सकते हैं। गर्मियों के लिए तो ये बहुत ही शानदार जगह है।

टिहरी में लें मालदीव के मजे

मालदीव के बारे में सोचकर जो सबसे पहले इमेज नजर आती है वो है पानी में तैरते



हट्स। तो टिहरी आकर आपको ऐसा ही कुछ नजारा देखने को मिलेगा। टिहरी झील में एक फ्लोटिंग हाउस है, पहाड़ों से घिरे इस फ्लोटिंग हाउस में ठहरने का एक्सपीरियंस ही अलग होता है। गंगा और भागीरथी नदी के ऊपर बने ये फ्लोटिंग हट्स मालदीव के फ्लोट्स हट जैसे ही नजर आते हैं। सबसे अच्छी बात कि यहां रूकने के साथ ही आप बोटिंग, बनाना राइड और पैरासेलिंग जैसी एडवेंचर एक्टिविटीज के भी मजे ले सकते हैं।

टिहरी में अन्य घूमने वाली जगहें

टिहरी बांध नेचर लवर्स से लेकर फोटोग्राफी तक के शौकीनों के लिए टिहरी बांध एक शानदार जगह है। जहां आकर आप अपने पूरे दिन को एंजॉय कर सकते हैं। टिहरी बांध एशिया का सबसे बड़ा और सबसे ऊंचा बांध है जिसकी खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं ऊंचे-ऊंचे पहाड़।

चंबा

नई टिहरी के पास एक और जो खूबसूरत और घूमने लायक जगह है वो है चंबा। चारों ओर हरी-भरी पहाड़ियों से घिरी इस जगह आकर आप दोस्तों या पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम बिता सकते हैं।

# लाखों के गिफ्ट दोगे, तभी पैदा होंगे बच्चे', लड़की ने किया ऐलान



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 08 जून : आमतौर पर कहा जाता है कि शादी और बच्चों का जन्म एक भावुक फैसला है लेकिन आजकल ज़माना काफी बदल चुका है. महिलाएं इस बात को लेकर काफी स्पष्ट हो चुकी हैं कि उन्हें अपने लिए कैसी जिंदगी चाहिए और वे इसके बारे में बात भी करती हैं. हाल ही में एक लड़की ने दावा किया कि उसके लिए बच्चे को जन्म देना मुफ्त का काम नहीं है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 26 साल की नोरा तलाल का कहना है कि उसके लिए शादी और प्रेग्नेंसी की शर्तें साफ हैं. अगर पैसा है और लाखों खर्च कर सकते हो, तो ही मेरे पास आना. नोरा ने सोशल मीडिया के जरिये ऐलान किया है कि वे अभी सिंगल हैं लेकिन वो ऐसे आदमी से शादी करना चाहती हैं, जो उनकी सारी मांगे पूरी करने की हैसियत रखता हो। 'महंगी चीज़ है बच्चे को जन्म देना'लंदन की रहने वाली नोरा ने बताया है कि वो चाहती है कि वो जब भी बच्चे को जन्म दे, तो उसे कम से कम 1000 डॉलर यानी 83,479 रुपये का गिफ्ट चाहिए होगा. ये कोई डिज़ाइनर हैंडबैग या फिर जूते भी हो सकते हैं. उसे प्रेग्नेंसी के बाद केयर के लिए एक प्राइवेट रूम चाहिए होगा और फिर बच्चे को घर लाने के लिए, तीन बेडरूम का एक घर. ये घर भी लंदन या आसपास ही होना चाहिए. उसकी ये भी मांग है कि उसका पति उसके साथ बेबी क्लासेज़ के लिए आए, ताकि दोनों बच्चे संभालना सीख सकें। नोरा का कहना है कि बच्चे के जन्म के बाद वापस शेप में आने के लिए उसे एक पर्सनल ट्रेनर की भी जरूरत होगी, जिसका खर्च पति को देना होगा. वो बच्चे के जन्म के बाद उसके 4-5 का होने तक काम नहीं करेगी, ऐसे में उसके सारे खर्चे भी उठाने होंगे. पेशे से टेक सेल्स वर्कर नोरा का कहना है कि वो सिर्फ वही चीजें मांग रही है, जो वो खुद अपने लिए कर सकती है. नोरा की इस डिमांड पर लोगों ने अलग-अलग प्रतिक्रिया दी है. कुछ यूजर्स ने उसे डिमांडिंग कहा तो कुछ यूज़र्स का कहना है कि वो ठीक कर रही है।

# देहरादून : क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर घर में घुसे बदमाश, बंधक बनाकर लाखों की लूट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 08 जून : नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों ने खुशहालपुर के कारोबारी फुरकान अहमद के घर में घुसकर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया है। सभी को बन्दूक की नोक पर बंधक बनाकर ये लोग लाखों की ज्वैलरी, नगदी और स्कूटी लेकर फरार हो गए। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच चल रही है।राजधानी देहरादून से एक सनसनीखेज खबर सामने आ रही है, मिली जानकारी के अनुसार यह मामला सहसपुर थाना क्षेत्र के खुशहालपुर गांव का है, यहां देर रात करीब डेढ़ बजे 4 नकाबपोश बदमाश हथियार लेकर कारोबारी फुरकान के घर में छत के रास्ते घुसे। इस दौरान फुरकान, उनकी पत्नी, भतीजी, भतीजा और दो बेटियां बरामदे में सोए हुए थे। तमंचा दिखाकर ये लोग दो छोटे बच्चों को छोड़कर सभी को एक कमरे के भीतर ले गए। इन बदमाशों ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया और फुरकान को नशे का कारोबारी बताकर उसे डराने और धमकाने लगे। कहा गया कि उसकी रोजाना की आमदनी 50 हजार होती है। उसके घर में लाखों के गहने और नगदी की सूचना है। बदमाशों ने गद्दे और सोफे की सीटों को भी फाड़ दिया।बदमाशों ने पत्नी को छोड़कर सभी के हाथ बांध दिए और दो बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर उसकी पत्नी को तिजोरी वाले कमरे में ले गए और फिर इन्होने 80 हजार नकदी व आभूषण निकाल लिए। उसके बाद ये बदमाश कमरे का दरवाजा बंद करके फुरकान की स्कूटी लेकर फरार हो गए। देहरादून एसएसपी अजय सिंह ने बताया है कि बदमाशों को जरूर घर के बारे में पूरी जानकारी थी। पुलिस की अलग-अलग टीमें इस मामले के खुलासे में जुटी हुई हैं। तमाम पहलुओं से मामले की जांच की जा रही है। कोई जानकार या वहाँ काम करने वाला व्यक्ति भी इस वारदात में शामिल है, एसएसपी ने दावा किया है कि बदमाशों को जल्द ही पकड़कर मामले का खुलासा किया जाएगा।



# कोटद्वार : वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनी अनुभूति भारद्वाज, देश के लिए भरेंगी उड़ान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

कोटद्वार 08 जून : अनुभूति भारद्वाज भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर बन गई हैं वे 01 जून 2024 में हुई पासिंग आउट परेड में वे शामिल हुई। अनुभूति ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों को दिया।उत्तराखंड की बेटियां भी आज हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा रही हैं, अपने माता-पिता का नाम गर्व से ऊँचा करने के साथ-साथ वे पूरे प्रदेश का नाम भी रोशन कर रही हैं। ऐसा ही कुछ कोटद्वार की अनुभूति भारद्वाज ने कर दिखाया है जिससे उनके माता पिता गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। अनुभूति मूलरूप से पौड़ी गढ़वाल जिले की रहने वाली हैं, अपनी मेहनत और लगन के दम पर आज वो भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बन गई हैं। जिससे पूरे परिवार में ख़ुशी का माहौल है।



इन्होने अपनी प्रारंभिक शिक्षा लैंसडाउन के सेंट जेम्स कॉन्वेंट स्कूल से की जिसके बाद 12वीं की परीक्षा कोटद्वार के सेंट जोसेफ कान्वेंट स्कूल से वर्ष 2016 पूर्ण की, फिर इन्होने केंद्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल से कंप्यूटर साइंस में वर्ष 2020 में पूरा किया। वर्ष 2022 में एसएसबी उत्तीर्ण करने के बाद, 9 जनवरी 2023 को उन्होंने हैदराबाद स्थित एयरफोर्स अकादमी में अपनी ट्रेनिंग शुरू की।छह महीने की ट्रेनिंग के बाद, उन्हें बैंगलोर स्थित एयरफोर्स टेक्निकल कॉलेज से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त हुई। 1 जून को एयरफोर्स तकनीकी कॉलेज बेंगलुरु में आयोजित हुई पासिंग आउट परेड में शामिल होकर वे अब फ्लाइंग अफसर बनकर भारतीय वायु सेना का हिस्सा बन गई है। अनुभूति के पिता एन भारद्वाज एक सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी हैं और उनकी माँ कोटद्वार के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं तथा उनकी एक बहन बिभूति MBBS पंचम वर्ष में हैं।

# देहरादून : समर्थ पोर्टल पर एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन डेट बढ़ी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 08 जून : समर्थ पोर्टल पर पहले अंतिम तिथि 31 मई थी जिसे बढ़ाकर अब 14 जून कर दिया गया है और 15 जून से मेरिट के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जायेगी, फिर 13 जुलाई से शैक्षिक सत्र का शुभारम्भ भी हो जाएगा।

उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने बताया कि तमाम छात्र संगठनों, अभिभावकों और छात्र-छात्राओं की मांग को देखते हुए प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि बढ़ाकर 14 जून 2024 कर दी है। विभिन्न कारणों के चलते प्रवेश से वंचित रह गए छात्र-छात्राएं अब समर्थ पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर सकेंगे। छात्र-छात्राओं को किसी भी तरह की समस्या न हो, इसके लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए हैं। दरअसल उत्तराखंड सरकार ने उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू की थी, जिसके तहत 31 मई तक रजिस्ट्रेशन करवाना था। हालांकि कई छात्र-छात्राएं इस तिथि तक रजिस्ट्रेशन नहीं करवा पाए। इसे देखते हुए सरकार ने ऐसे छात्र-छात्राओं को 14 जून तक समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने का एक और मौका दिया है। ताकि वे अपना पंजीकरण पूर्ण कर लें।




विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए पंजीकरण तिथि के समाप्त होने के बाद 15 जून से मेरिट के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाएगी और फिर 13 जुलाई से सत्र विधिवत प्रारंभ होगा। नई शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के तहत, उच्च शिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातक कक्षाओं की प्रवेश प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि अभी तक अभी तक सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल, श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय, टिहरी से संबद्ध समस्त शासकीय, अशासकीय और निजी महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए 50,452 छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन पंजीकरण किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वास्थ्य शिविर लगाया

देहरादून। माननीय उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार एवं मा० अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून के मार्गदर्शन में सचिव सीमा डूंगराकोटी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून द्वारा आज महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों व उनकी सुरक्षा के संबंध में 1 जून से 15 जून तक चलाए जा रहे हैं जागरूकता अभियान के अंतर्गत राजकीय महिला कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र (मानसिक), राजकीय महिला कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र (सामान्य), राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोरी) बालिका निकेतन/राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) एवं राजकीय शिशु निकेतन,बल गृह केदारपुरम, देहरादून में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें वहां उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों को घरेलू हिंसा, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल तस्करी, व बच्चों को मुक्त शिक्षा के अधिकार तथा पोक्सो एक्ट आदि के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी, देहरादून के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर लगाया गया वहां उपस्थित 90 महिलाओं के जांच हेतु खून के नमूने लिए गए इसी क्रम में वहां बालिका निकेतन की बालिकाओं द्वारा ड्राइंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विजेताओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून द्वारा प्रमाण पत्र व ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा।

### भर्ती पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में अस्थाई तौर पर नियत वेतन पर करें आवेदन

देहरादून। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी देहरादून ले0कर्नल (अप्रा) वीरेन्द्र प्रसाद भट्ट ने अवगत कराया है कि जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय देहरादून के अधीन संचालित भर्ती पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में वित्तीय वर्ष 2024-2025 हेतु अस्थाई तौर पर नियत वेतन पर लिपिक कम कंप्यूटर ऑपरेटर जे०सी०ओ० / हवलदार लिपिक । एक (उम्र 57 वर्ष से कम) अवकाश प्राप्त, प्रशिक्षण स्टाफ एक (उम्र 45 वर्ष से कम)। जिसने पी.टी. का कोर्स किया हो तथा सेना के किसी प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण का कार्य किया हो। चौकीदार - एक अवकाश प्राप्त सैनिक (उम्र 54 वर्ष से कम), इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन 14 जून 2024 तक किसी भी कार्य दिवस में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, देहरादून में जमा करा सकते है। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

### पेपर गड़बड़ी प्रकरणों की हो जांचः नेता प्रतिपक्ष

देहरादून। नीट परीक्षा के पेपर लीक होने और रिजल्ट में बड़ी गड़बड़ी का नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आरोप लगाया। शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के कार्यकाल में पेपर लीक, परीक्षाओं में धांधली एक सामान्य प्रक्रिया बन गई है। इसके लिए सीधे तौर पर भाजपा सरकार जिम्मेदार है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा ने देश के युवाओं को ठगा है। देश भर के युवा पहले परीक्षाओं में भाग लेते हैं। फिर उन्हें अनियमितताओं से जूझना पड़ता है। पेपर लीक होते हैं। उनके भविष्य के साथ खेला जा रहा है। इन्हीं गड़बड़ियों के क्रम में अब फिर नीट परीक्षा का पेपर लीक हो गया है। छात्रों का आरोप है कि नीट के रिजल्ट में भी बड़ी गड़बड़ी हुई है। एक ही सेंटर के छह छात्रों को पूरे 720 नंबर मिले हैं। इसके साथ ही कई अन्य गड़बड़ियों के भी आरोप लग रहे हैं। नीट का रिजल्ट आने के बाद देश भर में कई बच्चों के आत्महत्या करने की खबरें भी आ रही हैं। यह बहुत दुखद और झकझोरने वाला है। कहा कि सरकार लाखों छात्रों की आवाज को अनसुना कर रही है। छात्र छात्राओं को परीक्षा परिणाम में धांधली से जुड़े सवालों के जवाब चाहिए। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वो जांच कराए। छात्रों के सवालों का जवाब दे। उनकी शिकायतों का निस्तारण करे। सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में एक उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। ताकि छात्रों को न्याय मिल सके।

### पौधे लगाना खुद को नया जीवन देना : गीता धामी

देहरादून। रायपुर रेंज के तरला नागल में हैलीपैड के पास शुक्रवार को वन विभाग के पौधारोपण अभियान का सीएम पुष्कर धामी की पत्नी गीता धामी ने शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने वन अधिकारियों के साथ एक पौधा लगाया। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना खुद का नया जीवन देने जैसा ही है इस दौरान उन्होंने ये भी कहा कि जितना हो सके पौधे लगाएं। ताकि आने वाले वक्त में आक्सीजन सिलेंडर खरीदकर ताजी हवा लेने की नौबत ना आए। इस दौरान उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर ढाई सौ लोगों को पौधे भी बांटे गए। रेंजर राकेश नेगी ने बताया कि ये पौधारोपण अभियान अब आगे भी लगातार जारी रहेगा। कार्यक्रम में वन संरक्षक यमुना कहकशां नसीम, एसडीओ मसूरी डा. उदय गौड़, वन क्षेत्राधिकारी राकेश नेगी, पूर्वांचल सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष कमल रजवार,निवर्तमान पार्षद शिवानी बंसल, संजीत बंसल,अंतराष्ट्रीय एथलीट प्रीतम बिंद, मनीष रावत सहित कई लोग मौजूद रहे।

# साढ़े 5 लाख रुपए में बिकेंगे 10 रुपए के 2 भारतीय नोट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 08 जून : साल 1918 में लंदन से मुंबई जाते समय समंदर में एक जहाज डूब गया था। जब उसका मलबा ढूंढ कर निकाला गया तो उस पर भारत के 10 रुपए के दो नोट मिले थे। अब इन्हीं भारतीय नोटों को लंदन में नीलाम किया जाएगा। ये नीलामी 29 मई को हुई। समुद्र में डूबे इस जहाज का नाम SS-शिराला था। इन नोटों पर 25 मई, 1918 की तारीख छपी हुई है। लंदन में नूनन्स मेफेयर नीलामी घर अपनी 'विश्व बैंकनोट' बिक्री के तहत इन नोटों को बोली लगाने के लिए पेश करेगा। अंदाजा लगाया है कि इनकी कीमत 2,000 से 2,600 पाउंड यानी करीब साढ़े 5 लाख रुपए तक रहेगी।

बता दें कि इस जहाज को 2 जुलाई, 1918 को एक जर्मन यू-बोट (पनडुब्बी) ने डुबा दिया था। नूनन्स में मुद्राशास्त्र से जुड़े मामलों की वैश्विक प्रमुख थॉमसिना स्मिथ ने कहा कि तब जहाज में इन नोटों की पूरी खेप के साथ मुरब्बे से लेकर गोला-बारूद तक का सामान लंदन से मुंबई भेजी जा रही थी। उन्होंने कहा कि कई नोट तैरकर किनारे पर आ गए, जिनमें बिना हस्ताक्षर वाले पांच और 10 रुपए के नोट और एक रुपए के साइन वाले नोट शामिल थे। इनमें से एक रुपये का एक नोट इस नीलामी में भी शामिल है। ज्यादातर नोट को बरामद कर लिया गया और बाद में सरकार ने इन्हें नष्ट करा दिया गया और उनकी जगह पर नए नोट छापे गए। लेकिन कुछ नोट निजी लोगों के पास रह गए।

स्मिथ के मुताबिक उन्होंने इस तरह के नोट पहले कभी नहीं देखे हैं। इन नोटों के बारे में 'बैंक ऑफ इंग्लैंड' ने सोशल मीडिया पर 1918 में जहाज के डूबने की घटना में जिक्र किया था। उन्होंने कहा कि ये नोट बहुत ही अच्छी स्थिति में हैं। वे निश्चित तौर पर नोट की गड्डी के मध्य में रहे होंगे जिससे वह समुद्री पानी में भीग नहीं पाए। चौंकाने वाली बात ये भी है कि नोटों पर छपे नंबर दो क्रमागत लगातार संख्याएं हैं।

इस नीलामी में ब्रिटिश उपनिवेश के दौरान तत्कालीन भारत सरकार के 100 रुपए के एक दुर्लभ नोट को भी बिक्री के लिए रखा जाएगा। इसके 4,400 से 5,000 पाउंड के बीच बिकने का अनुमान है। इस नोट के पिछले हिस्से पर बांग्ला और हिंदी समेत कई भारतीय भाषाओं में 100 रुपए मुद्रित है।




## श्याम सुंदर मंदिर के मूर्ति स्थापना दिवस पर निकली कलश यात्रा

देहरादून। श्री श्याम सुन्दर मन्दिर पटेलनगर का 41 वां मूर्ति स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार की शाम निकाले गए 108 महिला मंगल कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। बैंड बाजे के साथ सुंदर झांकी संग मधुर भजन कीर्तन करते हुए भक्तजन पटेलनगर मंदिर की परिक्रमा करते हुए पुरानी चुंगी, शिव कॉलोनी, पूर्वी पटेल नगर, राम लीला ग्राउंड होते हुए मंदिर पहुंचे कथा व्यास आचार्य विनीत डबराल के पावन सानिध्य में निकली कलश यात्रा में भजन गायक तेजेन्द्र हरजाई, चंद्र मोहन आनंद, प्रेम भाटिया, कपिल गोगिया और महिला मंडल ने देखो चांदी के रथ पर निकली है राम जी की सवारी.., राम जी को मन में बसाए रखना.., अवध में आए हैं श्री राम.., कीजो केसरी के लाल मेरा छोटा सा यह काम.., मेरो राम जी से कह देना जय सिया राम.. आदि भजन सुनाकर भाव विभोर कर दिया। मंगल कलश यात्रा का भक्तों ने अपने घरों के आगे पुष्प वर्षा एवम् प्रसाद वितरण कर स्वागत किया। कलश यात्रा में आचार्य विनीत डबराल के साथ सुहागिन जोड़े श्री रामायण जी को नंगे पांव सिर पर धारण करके चल रहे थे। आचार्य विनीत डबराल ने समापन पर अपना आशीर्वचन देकर सभी को श्रीराम कथा में आने का निमंत्रण दिया। संचालन महामंत्री गोविंद मोहन ने किया। मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र चड्ढा ने बताया कि शनिवार से प्रतिदिन शाम पांच बजे से मंदिर में श्रीराम कथा होगी। इस अवसर पर प्रधान अवतार मुनियाल, मनोज सूरी, यशपाल मग्गो, ओम प्रकाश सूरी, गुलशन नंदा, विनोद कपूर, संजय मेहता, भूपेन्द्र चड्ढा, राजू गोलानी, तिलक राज भाटिया, पंकज चांदना, हिमांशु दुआ, वीरेंद्र कपूर, मनीष भाटिया, अजय कथूरिया मौजूद रहे।

## ईसी रोड पर हादसे रोकने को हुए उपाय

देहरादून। सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत चंदोला ने कहा कि चौड़ीकरण के बाद ईसी रोड पर हादसे हो रहे हैं। सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की थी, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। कहा कि इस सड़क पर रोज हादसे हो रहे हैं, जिसमें लोग घायल हो रहे हैं। बावजूद पीडब्ल्यूडी और ट्रैफिक पुलिस हादसे रोकने के लिए ठोस इंतेजाम नहीं कर रही है।

## मसूरी वीकेंड पर पर्यटकों से गुलजार

देहरादून। मसूरी में इस वीकेंड पर बड़ी संख्या में पर्यटक शुक्रवार दिन से पहुंचने शुरू हो गए थे। यहां माल रोड समेत आसपास के पर्यटक स्थलों पर अच्छी खासी भीड़ जुटी रही।कैंपटी फॉल में जहां पर्यटकों ने प्राकृतिक झरने का लुफ्त उठाकर गर्मी से राहत पाई। वहीं, कंपनी गार्डन में पर्यटक वोटिंग का लुफ्त उठाते हुए नजर आए। इस मौके पर कैंपटी फॉल के स्थानीय दुकानदार सुमन नौटियाल ने बताया कि शुक्रवार को यहां पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे। मसूरी शहर में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होने से मसूरी देहरादून मार्ग पर दोपहर को वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। इससे पर्यटकों के साथ ही स्थानीय निवासियों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ा। जबकि शाम के वक्त भी मुख्य मार्ग के अलावा संपर्क मार्ग और माल रोड पर जाम की स्थिति रही। माल रोड पर लोडर वाहन और नो पार्किंग जोन में वाहनों के खड़े होने से परेशानी हो रही थी। पुलिस की ओर से कार्रवाई के बावजूद यहां से वाहनों को नहीं हटाया जा सका। इधर, मसूरी होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार को होटलों में 80 फीसदी तक बुकिंग हुई है। शनिवार और रविवार को मसूरी पूरी तरह पैक होने के आसार हैं। व्यापार संख्या अध्यक्ष रजत अग्रवाल ने कहा कि पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होने से कारोबार को लाभ मिल रहा है।

## इंटरनेशनल ओलंपियाड में चमके दून के छात्र

देहरादून। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से आयोजित इंटरनेशनल ओलंपियाड परीक्षा में दून और हरिद्वार के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। कान्वेंट आफ जीसस एंड मैरी स्कूल की आठवीं कक्षा की छात्रा धृति पंवार ने इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। समर वैली स्कूल की आठवीं कक्षा की छात्रा हिया और द एशियन स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा शांभवी ने भी इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में दूसरा स्थान प्राप्त कर अंतर्राष्ट्रीय रजत पदक पाया। वहीं शिवडेल स्कूल हरिद्वार के आठवीं कक्षा के अभिनंदन गुप्ता ने रैंक वन हासिल कर इंटरनेशनल गोल्ड मैडल और सर्टिफिकेट प्राप्त किया। दिल्ली पब्लिक स्कूल हरिद्वार के कक्षा दो छात्र प्रथम मीणा और वीरांश सिंह ने दूसरी और तीसरे रैंक हासिल की।

## टी-10 मुकाबले में सचिवालय क्लासिक का जीत से आगाज

देहरादून। अंतर सचिवालय हॉट वेदर टी-10 क्रिकेट लीग में सचिवालय क्लासिक ने सचिवालय हरिकेन को हराकर उद्घाटन मैच जीता। देहरादून में शुक्रवार पहले दिन छह मुकाबले खेले गए। महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड रायपुर में सचिवालय हरिकेन और सचिवालय क्लासिक के बीच खेले गए मैच में क्लासिक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 03 विकेट पर 161 रन बनाए। जवाब में हरिकेन की टीम 05 विकेट पर 117 रन ही बना सकी। क्लासिक ने 44 रन से जीत दर्ज की। दूसरा मैच सचिवालय ए और सचिवालय सुपर किंग्स के बीच खेला गया। ए टीम 7.2 ओवरों में 47 रन पर ही ऑल आउट हो गई। सुपरकिंग्स ने 4.2 ओवरों में तीन विकेट खोकर सात विकेट से जीत हासिल की। तीसरे मैच में सचिवालय डेंजर ने पहले खेलते हुए 10 ओवरों में 165 रनों का लक्ष्य एथलीट इलेवन को दिया।

## फूड सेफ्टी कनेक्ट एप पर करें मिलावट की शिकायत

देहरादून। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन(एफडीए) की ओर से शुक्रवार को विश्व खाद्य दिवस पर दून में आयोजित संवाद में संतुलित और सुरक्षित भोजन पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए जिम से ज्यादा जरूरी स्वस्थ किचन है। इस दौरान फूड सेफ्टी कनेक्ट एप की जानकारी दी गई। एप के जरिए उपभोक्ता मिलावट की शिकायत कर सकते हैं। सुभाष रोड स्थित एक होटल में संवाद कार्यक्रम का एफडीए के अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि संतुलित और सुरक्षित आहार ही स्वस्थ रहने का आधार है। एम्स ऋषिकेश के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के डा. संतोष ने फूड पेंडेमिक की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगर हम खाने को दवा की तरह लेना पसंद करेंगे, तो हो सकता है कि आने वाले दिनों में हमें दवा की जरूरत ही न पड़े। आज लोग भोजन के बजाए स्वाद को ज्यादा तरजीह दे रहे हैं। जो हमें बर्बाद कर रहा है। उचित खानपान के बिना, जिम भी कुछ नहीं कर सकता। सूचना एवं लोक संपर्क विभाग में उपनिदेशक रवि बिजारनिया ने कहा कि आज सुरक्षित खानपान के बारे में चर्चा बहुत आवश्यक है। उपायुक्त गणेश चंद्र कंडवाल ने बताया कि विभाग की ओर से बहुत जल्द खाद्य सुरक्षा की कसौटी नामक पुस्तक का प्रकाशन किया जाने वाला है। जिसमें खाद्य सुरक्षा से जुड़ी तमाम जानकारी उपलब्ध होगी। मौके पर अनिल मारवाह, अनिल सती, सुरेश भट्ट, संजय पांडे, आकाश, वैभव गोयल, मनोज सती, डा. सुधीर कुमार, नीरज कुमार, मनीष सयाना, पीसी जोशी, संजय तिवारी, रमेश सिंह, आदि उपस्थित रहे। नशे के जैसे ही जंक फूड का एडिक्शनः डा. संतोष ने कहा कि वर्तमान में नशे की लत जैसे ही जंक फूड की लत भी लोगों को लग रही है। इससे लोग हृदयाघात, हाइपरटेंशन, ओबेसिटी जैसी बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें इसमें सुधार करना होगा। वरना भविष्य के खतरों के लिए तैयार रहना होगा।

पांच महीने में 1763 नमूने लिए: आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि इन दिनों चारधाम यात्रा मार्गों, पर्यटन केन्द्रों पर विशेष अभियान चलाकर मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों पर नकेल कसी जा रही है। विगत पांच महीनों में ही 1763 नमूने जिए जा चुके हैं। जांच में दोषी पाये जाने वालों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के साथ ही मुकदमे दर्ज किये जा चुके हैं।

## इस बार नौ जून को होगा 'तरंग 2024 का आयोजन

देहरादून। भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य विद्यालय के 'तरंग 2024 कार्यक्रम का आयोजन इस बार रविवार नौ जून को गुरुराम राय ऑडिटोरियम पटेलनगर में होगा। शुक्रवार को प्रेस क्लब में संस्था की अध्यक्ष प्रतिभा श्रीवास्तव ने तरंग में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ काबीना मंत्री सतपाल महाराज, कैंट विधायक सविता कपूर, निदेशक डाक सेवाएं अनुसूया प्रसाद चमोला करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### नदियों को बचाने के लिए दौड़ेंगे दूनवासी

देहरादून। मेकिंग ए डिफरेंस बाय बीइंग द डिफरेंस (मैड) संस्था दून में सूखती नदियों के संरक्षण के लिए नौ जून को मैराथन का आयोजन करेगी। शुक्रवार को उत्तरांचल प्रेस क्लब में हुई प्रेसवार्ता में संस्था के पदाधिकारियों ने यह जानकारी दी। संस्था के सदस्य प्रिंस अरोड़ा ने बताया कि उनकी मुहिम विशेष तौर पर रिस्पना और बिंदाल नदी के लिए है। इसके तहत रविवार को परेड ग्राउंड से सुबह 5.30 बजे दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जो रेसकोर्स होते हुए वापस परेड ग्राउंड में समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि मैराथन के दौरान किसी भी प्रकार के प्लास्टिक का उपयोग नहीं होगा। पीने के पानी के लिए स्टील के बर्तनों का उपयोग होगा। उन्होंने बताया कि संस्था की ओर से प्लास्टिक कचरे को रिसाइकिल करने का काम भी किया जा रहा है। मेड छात्रों का एक संगठन है, जो अपने जेब खर्च से संचालित होता है। संस्था का मूल उद्देश्य नदियों को पुनर्जीवित करना और पर्यावरण की स्थिरता है। मौके पर अर्णव, दक्ष, अक्षिता, अंबिका आदि मौजूद थे।

### संजय असवाल को श्रीदेव सुमन राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान

देहरादून। हरिद्वार के सहायक अध्यापक संजय असवाल को शुक्रवार को दून में आयोजित शिक्षक उन्नयन कार्यक्रम में श्रीदेव सुमन राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से नवाजा गया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय खेड़ी शिकोहपुर भगवानपुर में तैनात संजय असवाल को उनके शिक्षा के क्षेत्र में नए प्रयोगों के लिए ये सम्मान दिया गया। शिक्षा सागर फाउंडेशन गुजरात ने इसके लिए देश भर के 13 राज्यों से 152 उत्कृष्ट शिक्षक-शिक्षिकाओं का चयन किया था। कार्यक्रम में एससीईआरटी उत्तराखंड की संयुक्त निदेशक कंचन देवराडी.सहायक निदेशक केएन बिजल्वाण, फाउंडेशन के प्रमुख शैलेश प्रजापति, संस्थापक सदस्य सुरेश राणा, डॉक्टर रंजीत सिंह फुलिया और सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं भाषा वैज्ञानिक डॉ. मुनि राम सकलानी मुनींद्र ने उन्हें ये सम्मान दिया।

### मां के संघर्ष ने दिखाई बेटी को राह, बनेगी डाक्टर

देहरादून। मां न सिर्फ जीवनदायिनी है। बल्कि अपने बच्चों के सुख-दुख की साथी भी है। नीट में 700 अंक प्राप्त करने वाली भंडारीबाग निवासी वरीशा की सफलता में भी मां मुमताज का बड़ा योगदान है। जिन्होंने खुद के संघर्ष से बच्चों को इस काबिल बनाया कि अब पूरे परिवार को उन पर नाज है। वरीशा ने बताया कि उनकी मां ने अकेले दम पर उसे और बहन को पढ़ाया लिखाया और हर जरूरत पूरी की। मां ने एक बेकरी में काम करना शुरू किया। आमदनी बहुत ज्यादा नहीं थी, पर बेटियों की शिक्षा में कोई कसर उन्होंने नहीं छोड़ी। बेटियों ने भी उन्हें निराश नहीं किया। वरीशा ने 2023 में एसजीआरआर बांबे बाग से 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं की। इसके बाद पूरी शिद्दत से मेडिकल की तैयारी की। जिसमें उनका मार्गदर्शन किया अविरल क्लासेज के निदेशक डीके मिश्रा ने। उनकी बड़ी बहन अलफशा एमएससी कर रही हैं। वहीं वरीशा ने जेईई मेन भी दिया था। जिसमें उन्हें 98.4 पर्सेंटाइल मिले। वे अब जेईई एडवांस के भी रिजल्ट का इंतजार कर रही हैं।

### पेयजल के राजकीयकरण की लड़ाई में संविदा, पीटीसी कर्मचारी सब होंगे शामिल

देहरादून। पेयजल के राजकीयकरण की लड़ाई में इस बार नियमित कर्मचारियों के साथ ही संविदा, पीटीसी, उपनल समेत सभी आउटसोर्स कर्मचारी भी शामिल होंगे। ये सभी कर्मचारी 21 जून से शुरू होने वाली हड़ताल में मैनेजमेंट के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। शुक्रवार को मोर्चा पदाधिकारियों को इन सभी कर्मचारियों की ओर से आंदोलन में सहयोग का आश्वासन दिया गया। मोर्चा संयोजक रमेश बिंजौला ने बताया कि चुनाव आचार संहिता शुरू होने से पहले पेयजल के राजकीयकरण की जो लड़ाई अधूरी छूट गई थी, उसे अब पूरा किया जाएगा। कर्मचारी 11 जून से चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर देंगे। 21 जून से पूर्ण कार्यबहिष्कार के साथ हड़ताल शुरू हो जाएगी। इस बार आंदोलन को विस्तृत रूप दिया जाएगा। सभी नियमित कर्मचारियों के साथ ही इस बार आंदोलन में सभी संविदा, दैनिक वेतन, पीटीसी, उपनल समेत सभी आउटसोर्स कर्मचारी भी शामिल होंगे। क्योंकि पेयजल का राजकीयकरण न होने से सभी कर्मचारियों को नुकसान है। संयोजक विजय खाली ने कहा कि पेयजल का राजकीयकरण होने से वेतन, पेंशन भुगतान सुनिश्चित होगा। संविदा, आउटसोर्स कर्मचारियों का भविष्य भी सुरक्षित होगा। इसकी शुरुआत ट्रेजरी से वेतन, पेंशन भुगतान कर की जानी चाहिए। कहा कि मौजूदा समय में शासन की बजाय पेयजल एजेंसियों के मैनेजमेंट रोड़े अटका रहे हैं। ऐसे अफसरों को चिन्हित कर उनके खिलाफ पोल खोल अभियान शुरू किया जाएगा। कहा कि पेयजल का राजकीयकरण होने से अफसरों को अपने निजी स्वार्थ पूरे न होने का डर है। ऐसे अफसरों के खिलाफ आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# उत्तराखंड : पहाड़ में मछली पालन बन रहा रोजगार का जरिया, घर पर ही कमा रहे लाखों

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





चमोली 08 जून : जिले के 11 युवाओं ने इस योजना का अच्छा लाभ उठाया है और आज ये घर पर रहकर ही लाखों की कमाई कर रहे हैं। यदि आप भी स्वरोजगार की दिशा में कुछ करना चाहते हो तो यह आपके लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है सरकार की मत्स्य संपदा योजना में नामांकन करके इसका लाभ उठाइए।

प्रदेश में बेरोजगारी की मार झेल रहे युवाओं के लिए जनपद चमोली में मत्स्य पालन व्यवसाय रोजगार का एक महत्वपूर्ण साधन बन रहा है। इसके माध्यम से न केवल स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल रहा है, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो रहा है। चमोली के नदियों में मिलने वाली ट्राउट फिश का स्वाद देशभर के मछली के शौकीनों की पहली पसंद बन चुका है। जनपद चमोली के देवाल ब्लॉक के ल्वांणी गांव में साल 2018 में गांव के 11 युवकों ने मोहन सिंह बिष्ट के सहयोग से देवभूमि मत्स्यजीवी सहकारिता समिति का गठन किया। समिति के माध्यम से उन्होंने वर्ष 2019-20 में 10 ट्राउट रेस वेज के साथ मत्स्य पालन शुरू किया। इस प्रयास से समिति अब प्रतिवर्ष 4 से 5 लाख रुपये की आय कर रही है।

स्वरोजगार के इस मॉडल से प्रेरित होकर वर्तमान ने ल्वाणी गांव के अन्य ग्रामीणों ने भी 20 ट्राउट रेस वेज स्थापित किए हैं और आस-पास के गांव में भी ग्रामीणों ने 40 ट्राउट रेस वेज स्थापित कर लिए हैं। बेहतर उत्पादन को देखते हुए विपणन के लिए जिला प्रशासन ने समिति को पैकिंग प्लांट की सुविधा उपलब्ध कराई है। जिससे ये लोग दूर दूर तक मछलियों की पैकेजिंग करके भेजते हैं। मुख्य विकास अधिकारी, चमोली अभिनव शाह ने बताया कि चमोली में युवाओं को मत्स्य पालन के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। वहीं मछली बीज के लिये ग्रामीणों की बाजारों पर निर्भरता कम करने के लिये मछली बीज हैचरी भी विकसित की जा रही हैं।

## देहरादून : सास की चिल्लाने से परेशान थी बहु, भाई को सुपारी देकर उतरवाया मौत के घाट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 08 जून : बीते 4 जून को महिला द्वारा अपने भाई को एक लाख की सुपारी देकर बुजुर्ग सास की हत्या करा दी गई है। पुलिस ने 24 घंटे के अंतर्गत मामले का खुलासा करके बहू समेत 4 हत्यारों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार कुछ अज्ञात लोगों ने लाल तप्पड़ के पास घर में रह रही बुजुर्ग महिला कुलदीप कौर का गला दबाकर हत्या कर दी। महिला के बेटे जगदेव सिंह ने डोईवाला थाने में अज्ञात के खिलाफ हत्या करने का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने बताया कि उन्होंने घटनास्थल पहुंचकर सभी तथ्यों की जांच पड़ताल की जिसके बाद आरोपियों की खोजबीन शुरू की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन सभी को हरिद्वार को बसेड़ी बस अड्डे के पास से गिरफ्तार किया गया।

मामले का खुलासा करते हुई पुलिस ने बताया कि पुत्रवधू 24 वर्षीय ज्योति ने ही अपनी सास कुलदीप कौर की हत्या करने की सुपारी अपने भाई आवेश अंसारी यह उनके घर पर पिछले छह सात महीनों से पति जगदेव सिंह के साथ काम करता था उसने ज्योति को अपनी धर्म बहन बनाया था, महिला इसे भी परेशान करती थी। ज्योति ने आवेश को सास की हत्या के लिए एक लाख रुपये देना तय किया। आवेश ने इस काम के लिए अपने अन्य साथियों सोनू और राहुल को भी इसमें शामिल किया और 4 जून की रात को इन्होने कुलदीप कौर तकिए से मुंह दबाकर हत्या कर दी और वहां से फरार हो गए। पुलिस ने सभी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

## कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या की अध्यक्षता में शिविर होगा आयोजित

अल्मोड़ा। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने बताया कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने एवं जन समस्याओं को मौके पर निस्तारण किये जाने के उद्देश्य से महिला सशक्तिकरण एव बाल विकास, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या की अध्यक्षता में आगामी 11 जून को विकासखण्ड हवालबाग के दौलाघट स्टेडियम में एक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### विकासखंड ताकुला की क्षेत्र पंचायत की 10 जून की बैठक स्थगित

अल्मोड़ा। विकासखंड ताकुला की क्षेत्र पंचायत की आगामी 10 जून को होने वाली बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गई है। खण्ड विकास अधिकारी ताकुला खजान चन्द्र जोशी ने बताया कि जिलाधिकारी अल्मोड़ा के कार्यालय से जारी क्षेत्र पंचायत बैठक का रोस्टर वर्ष 2024-25 के अनुसार विकास खण्ड ताकुला की बैठक आगामी 10 जून को प्रस्तावित की गयी थी किन्तु बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गयी है।

### वजन दिवस पर बच्चों को पोषक सामग्री वितरित

अल्मोड़ा। आकांक्षी विकासखंड स्याल्दे में वजन दिवस पर बच्चों को पोषण सामग्री वितरित की गई। आकांक्षी विकासखंड स्याल्दे में स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रगति के लगातार प्रयास जारी हैं। जिलाधिकारी विनीत तोमर एवं मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे के निर्देशन में शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्र कफल गांव में वजन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर 3 से 6 वर्ष के बच्चों को दूध वितरित किया गया और उनकी लंबाई भी नापी गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को आयरन सिरप और ओआरएस भी प्रदान किया गया। इस महत्वपूर्ण पहल में आंगनबाड़ी सहायिका, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा कार्यकत्री और अन्य लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस पहल के मुख्य उद्देश्य बच्चों में कुपोषण को कम करना, बच्चों को स्वस्थ और संतुलित आहार प्रदान करना, बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। आकांक्षी विकासखंड स्याल्दे बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के प्रति अत्यंत प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

## लघु व्यापारियों की महापंचायत 11 जून को

हरिद्वार। लघु व्यापार एसोसिएशन से जुड़े संगठनों के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा की अगुवाई में अलकनंदा घाट पर बैठक आयोजित की। जिसमें जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के नाम पर लघु व्यापारियों को हटाए जाने के विरोध में 11 जून को ललतारो घाट पर लघु व्यापारियों की महापंचायत कर रणनीति बनाकर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने का निर्णय लिया। संजय चोपड़ा ने कहा हरिद्वार नगर निगम की लापरवाही से लघु व्यापारियों को उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

उन्होंने कहा कि आगामी 11 जून को सामूहिक रूप से महापंचायत कर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में राजकुमार एंथोनी, कमल सिंह, सुनील कुकरेती, पंडित कमल शर्मा, नंदकिशोर गोस्वामी, नीरज कश्यप, जय सिंह बिष्ट, पंडित मनीष शर्मा, ओमप्रकाश भाटिया, विजय गुप्ता, लालचंद, विकास, अजय, चंदन सिंह रावत, बालवीर गुप्ता, मंजू पाल, सुमन गुप्ता, कामिनी मिश्रा, सीमा देवी, पुष्पा दास, पार्वती देवी, सुमित्रा देवी, सरोज, अनीता, विजयलक्ष्मी आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कलश यात्रा के साथ विमलकोट में श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ

अल्मोड़ा। धौलछीना स्थित मां भगवती मंदिर विमलकोट में कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। शुक्रवार को धौलछीना से विमलकोट तक कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के बाद कलशों की स्थापना की गई। कथा वाचक मनोज पांडे के सानिध्य में ढोल नगाड़ों के साथ 151 महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर धौलछीना से 4 किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई चढ़कर कलश यात्रा में भाग लिया। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक पंडित मनोज पांडे ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा ऐसी कथा है जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक ऊर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है जब हम इसे अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट हो जाते हैं तथा प्राणी का आध्यात्मिक विकास होता है। मुख्य यजमान आनंद सिंह रावत ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 1:00 से अपराह्न 4:00 बजे तक आयोजित होगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में आकर कथा श्रवण का पुण्य अर्जित करने की अपील की। बताया कि 9 दिवसीय भागवत कथा का समापन 16 जून को विशाल भंडारे के साथ होगा।

### अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों को अनुदान पर मिलेगा ऋण

अल्मोड़ा। जिला समाज कल्याण अधिकारी आराधना त्रिपाठी ने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में अल्पसंख्यक स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत बैंकों के माध्य से वित्त पोषित करने हेतु 01 लाख से 10 लाख तक जनपद का भौतिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें योजना लागत का 25 प्रतिशत अनुदान 15 प्रतिशत लाभार्थी अंश 60 प्रतिशत बैंक ऋण के रूप में होगी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम, सिख, इसाई, बौद्ध, पारसी एवं जैन) हो, अभ्यर्थी की वार्षिक आय ग्रामीण/शहरी क्षेत्र में 2 लाख 50 हजार से अधिक न हो, अभ्यर्थी की उम्र 18 से 55 वर्ष तक हो, अभ्यर्थी जनपद अल्मोड़ा का स्थाई निवासी हो एवं अभ्यर्थी द्वारा पूर्व में किसी भी विभाग/बैंक का बकायेदार न हो। उन्होंने बताया कि ऋण लेने के इच्छुक अभ्यर्थी जो उपरोक्त पात्रता पूर्ण करते हों अपना आवेदन पत्र में जाति, आय, निवास, उम्र तथा दो फोटो सहित 30 जून तक अनिवार्य रूप से उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण तथा वक्फ विकास निगम, विकास भवन, अल्मोड़ा कमरा संख्या 411 में जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों में विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

### कार बुकिंग के नाम पर 1.72 लाख की ठगी

अल्मोड़ा। नगर क्षेत्र से एक साइबर ठगी का मामला आया है। नगर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति से ऑनलाइन 1.72 लाख की ठगी हुई है। साइबर ठग ने ऑनलाइन कार बुकिंग कर रहे युवक के खाते से 1.72 लाख रुपये उड़ा लिए। पुलिस के मुताबिक खान कॉटेज मल्ला जोशीखोला निवासी मो इमरोज खान ने तहरीर दी है। कहना है कि उन्हें ऑनलाइन कार बुकिंग करनी थी। गूगल सर्च करने पर शिव कार रेंटल सर्विस की साइट की ओर से सर्विस कॉलर का फोन आ गया और बुकिंग की जानकारी दी। कुछ ही मिनट में उनके खाते से 78000, 39999, 35738 और 19212 सहित कुल 172949 रुपये की ठगी कर ली। कोतवाल जगदीश देउपा ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### कुलपति और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद के समन्वयक के बीच हुई चर्चा

अल्मोड़ा। नेपाल अध्ययन केंद्र (अंतराष्ट्रीय सहयोग परिषद, नई दिल्ली) के समन्वयक डॉ लवी त्यागी ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सतपाल सिंह बिष्ट से भेंट की।

इस भेंट के दौरान हिमालयी क्षेत्र की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, पुरातात्विक धरोहरों आदि के संरक्षण, विश्वविद्यालय में शोध गतिविधियों के संचालन, क्षेत्र के इतिहास संकलन, पर्यावरण के संरक्षण आदि को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस भेंट के दौरान डॉ लवी त्यागी ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग परिषद के कार्यों की जानकारी दी। कुलपति प्रो सतपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि इस क्षेत्र में शोध एवं शिक्षा को लेकर यहां की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, पुरातात्विक आदि धरोहरों पर कार्य कर विश्वविद्यालय को देश के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित करना है। इसके लिए अंतराष्ट्रीय सहयोग परिषद ने भी सहयोग देने की बात कही है और यह विश्वविद्यालय के लिए खुशी की बात है।

# समंदर किनारे मिला 'डरावना जीव', देखते ही चीख उठा शख्स

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 08 रिपोट : दुनियाभर में कई ऐसे अजीबोगरीब और खतरनाक जीव हैं, जो देखने में तो अजीब लगते ही हैं, साथ ही साथ बेहद खतरनाक भी होते हैं. सोचिए अगर इनमें से कोई जीव आपके सामने आ जाए तो क्या होगा? निश्चित रूप से डर से आपकी चीख निकल पड़ेगी. ऐसा ही कुछ सिंगापुर में डेनिस चैन के साथ हुआ. डेनिस समंदर किनारे घूम रहे थे, तभी उनका सामना समुद्र तट पर "जहरीले कांटों" वाले एक विचित्र जानवर से हो गया. उसे देखते ही डेनिस डर गए और चीख उठे. फिर उन्होंने खुद को संभाला और उस जीव के पास गए. लेकिन डेनिस चैन को अपनी आंखों पर यकीन नहीं हुआ, जब उन्होंने रेत में आधा दबा हुआ यह "दुर्लभ नजारा" देखा। डेनिस को उसे करीब से देखने पर उन्हें एहसास हुआ कि यह एक लंबी नाक वाला तारामंडल देखने वाला प्राणी था, जो आसमान की ओर देख रहा था. उन्होंने इसके बारे में और ज्यादा जानकारी जुटाई तो पता चला कि इन तीखी मछलियों की 50 से अधिक प्रजातियों का एक पूरा समूह है, जिनमें से कुछ में बिजली का झटका देने वाला अंग भी होता है. डेनिस को उस दुर्लभ जीव के खतरनाक डंक के बारे में पहले से ही पता था, लेकिन वह इस अजीबोगरीब मछली को देखने से खुद को नहीं रोक सके. डेनिस ने तुरंत उसका फोटो लिया और इंस्टाग्राम पर डाल दिया. डेनिस को लगा कि ऐसा न हो कि ये दुर्लभ राक्षस जैसे दांतों वाली मछली रेत में वापस चली जाए। यह पोस्ट वायरल हो गया, जिसे 5 करोड़ 41 लाख से ज्यादा बार देखा गया तथा दस लाख से अधिक लोगों ने लाइक किया है.



# उत्तराखंड : अब इन विकासखंडों में भी लगेगा रोजगार मेला

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 08 जून : युवा बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी देहरादून सुश्री झरना कमठान ने अवगत कराया है कि एस०आई०एस० इंडिया लि0 देहरादून द्वारा सुरक्षा जवान व सुपरवाइजर की भर्ती हेतु ब्लॉक स्तर पर तिथियां हुई निर्धारित की गई हैं, 08 जून 2024 से जनपद के सभी विकासखंड मुख्यालय में एस०आई०एस० लिमिटेड देहरादून के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु शिविर आयोजित किए जाएंगे।

एस०आई०एस० लिमिटेड भारत की बहुराष्ट्रीय कंपनी है जो सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे भारतवर्ष व विदेशों में कर रही है। एस०आई०एस० के भर्ती अधिकारी ने बताया कि विकास खण्ड मुख्यालयों पर आयोजित होने वाले शिविर के पूर्ण विवरण अनुसार तिथियां ब्लॉक स्तर पर निर्धारित की गई है जिसमें 8 जून 2024 से 9 जून 2024 तक ब्लाक चकराता, 10 जून 2024 से 11 जून 2024 तक ब्लाक कालसी, 12 जून 2024 से 13 जून 2024 तक ब्लॉक विकास नगर, 14 जून 2024 से 15 जून 2024 तक ब्लॉक डोईवाला, 16 जून 2024 से 17 जून 2024 तक ब्लाक रायपुर एवं 18 जून 2024 से 19 जून 2024 तक ब्लाक सहसपुर में सुबह 10 बजे से शाम 03 बजे तक भर्ती शिविर का आयोजन किया जाएगा।




## बेड़ू पाको बारामासा गीत पर नाच उठे लोग

चमोली। थराली के चेपड़ों में आयोजित शौर्य महोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या लोग गायकों के नाम रही। तीन दिवसीय मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या पर लोक गायको ने जमकर दर्शकों को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। गुरुवार रात को शहीद भवानी दत्त जोशी शौर्य महोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या पर महिला मंगल चेपड़ों, लोक गायक दर्शन फर्सवाण, महिपाल मेहता, सौरभ मैठाणी, दिनेश नेगी और हेमा नेगी करासी ने लोक गायन के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। जिस पर दर्शकों ने जमकर तालियों से स्वागत किया। दर्शक देर रात्रि तक पंडाल में नाचते रहे।

## सड़कों की दशा न सुधरी तो 20 जून से अनशन

चमोली। टैटुड़ा ग्राम पंचायत युवक मंगल दल ने उप जिलाधिकारी कार्यालय गैरसैंण को शुक्रवार को ज्ञापन देकर खंसर घाटी की सड़कों की दशा सुधारने की मांग की है। चेतावनी दी है कि अगर सड़कों की दशा न सुधारी गयी तो आगामी 20 जून से वे आमरण अनशन करने का मजबूर होंगे। ज्ञापन में टैंटुडा से नैणी मोटर मार्ग ठीक करने, सड़क प्रभावित गजे सिंह को मुआवजा देने, डंपिंग जोन पर जमीन समतल कर खेल का मैदान बनाने, सड़क निर्माण के कारण क्षतिग्रस्त पैदल मार्ग ठीक करने तथा कंडारी खोड़ मोटर मार्ग के मरम्मत की मांग लोनिवि एवं ब्रिडकुल से की है। मौके पर युवक मंगल दल अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष सुनील कुमार, सचिव पुष्पराज आदि के हस्ताक्षर हैं।

## मांग पर सकारात्मक कार्रवाई न होने पर गुरिल्लों में रोष

श्रीनगर गढ़वाल। एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्लों की पेंशन, नौकरी और आश्रितों हित लाभ दिए जाने की मांग पर सकारात्मक कार्रवाई न होने पर गुरिल्लों ने रोष व्यक्त किया। गुरिल्ला संगठन ने कहा कि यदि तीन सूत्रीय मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं होती है तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होगें। गुरिल्ला संगठन के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनिल भट्ट ने बताया है कि 10 जून को संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मानंद डालाकोटी के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल देहरादून सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों से मिलेगा। जिसमें वह 20 दिसम्बर 2023 को संपन्न हुई वर्चुअल बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा अधिकारियों को दिये गए निर्देशों पर अभी तक की कार्रवाई की जानकारी प्राप्त करेगा। बताया कि इसके बाद वह मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से शीघ्र समीक्षा बैठक बुलाए जाने की मांग करेगा।

## पेयजल योजनाओं को समय से पूरा करें विभाग : डीएम दीक्षित

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित ने शुक्रवार को जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक ली। बैठक में जल संस्थान व जल निगम को हर घर जल सर्टिफिकेशन के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिओ टैगिंग के कामों शत-प्रतिशत पूरा करने व पेयजल योजनाओं के कामों को त्वरित गति से आगे बढ़ाने के निर्देश दिये। जिला सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने जल जीवन मिशन के तहत चलने वाले कामों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि जल संस्थान एवं जल निगम के अधिकारी पंचायती राज विभाग के साथ समन्वय कर रोस्टर बनाकर हर घर जल सर्टिफिकेशन के कार्यों में प्रगति लाएं। वित्तीय प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि जिन पेयजल योजनाओं में जीएसटी के कारण तथा डीपीआर संशोधन के बाद धनराशि में वृद्धि हुइ है, उनकी सूची बनाकर अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करें। कोश्यिार ताल पम्पिंग योजना की जानकारी ली और निर्देश दिये कि जांच समिति की रिपोर्ट आने पर ही नियमानुसार सम्बंधित को भुगतान करना सुनिश्चित करें।

# संक्षिप्त खबरें

## सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों के निस्तारण में देर पर डीएम ने नाराजगी जताई

पौड़ी। पौड़ी एनआईसी में शुक्रवार को जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों के निस्तारण में देर पर नाराजगी जताई। साथ ही डीएम दफ्तर की पत्रावलियों को ई-ऑफिस के माध्यम से प्रस्तुत न करने पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी का भी जवाब तलब किया। अपने कार्यालय में बैठक लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जल संस्थान, ग्रामीण निर्माण, निकायों और पंचायती राज विभाग के मामलों में 36 दिन से अधिक समय तक शिकायतें लंबित चल रही है। संबंधितों पर डीएम ने सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। डीएम डॉ आशीष चौहान ने समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर करना सुनिश्चित करे। यदि इस तय समय पर शिकायतें निस्तारित नहीं होती तो संबंधित अफसर के वेतन पर रोक लगाने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## प्रत्याशियों के चुनाव खर्चों को लेकर बैठक 30 को

पौड़ी। गढ़वाल सीट से चुनाव लड़े प्रत्याशियों के लिए चुनाव खर्चों के लेखा समाधान की बैठक 30 जून को होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी पौड़ी डॉ आशीष चौहान ने बताया कि बैठक सुबह 11 बजे कलक्ट्रेट सभागार में रखी गई है। चुनाव लड़े सभी प्रत्याशियों से कहा गया है कि वह अपने चुनाव खर्चों का ब्यौरा दे दें। बताया कि चुनाव परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के भीतर यह ब्यौरा देना होता है। आयोग के निर्देशानुसार इस प्रक्रिया के तहत सभी प्रत्याशियों को यह लेखा जमा करने के लिए बुलाया गया है। प्रत्याशियों से अपील की गई है कि वह इस बैठक में स्वयं मौजूद रहे या अपने अधिकृत प्रतिनिधि को भेजना सुनिश्चित करें।

## एसएसपी पौड़ी ने अपराध समीक्षा बैठक ली

पौड़ी। एसएसपी पौड़ी ने शुक्रवार को अपराध समीक्षा बैठक लेते हुए जिले के विभिन्न थानों में लंबित विवेचनाओं का निस्तारण शीघ्र करने को कहा। एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने साइबर धोखाधड़ी सहित अन्य धोखाधड़ी के मामलों को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारियों को इन मामलों में अविलंब केस दर्ज करने को कहा। कहा इसमें आईटी ऐक्ट भी लगाते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी में तेजी लाई जाए। साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जाए ताकि लोग इससे बच सके। एसएसपी ने कहा कि अभी तक 10 से अधिक साइबर ठगी के मामलों में करीब 20 लाख की प्रभावित लोगों को पुलिस ने लौटाया है। साइबर ठगी न हो इसके लिए लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। वहीं मानसून सीजन के मद्देनजर एसएसपी ने आपदा उपकरणों के बेहतर रखरखाव पर जोर दिया ताकि बिना समय गंवाए राहत एवं बचाव हो सके। इसके साथ ही नाबालिग वाहन चालकों के विरुद्ध 15 दिन का विशेष अभियान चलाने के लिए कहा गया। जिसमें शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कहा कि नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर उनके अभिभावकों एवं वाहन स्वामियों के खिलाफ एमवी ऐक्ट कार्रवाई अमल में लाई जाए। 1 जुलाई से लागू होने वाली नए कानूनों के प्रचार-प्रसार पर भी एसएसपी ने जोर दिया। अपराधों की समीक्षा करते हुए कहा कि सत्यापन अभियान को जारी रखा जाए और बिना सत्यापन किरायेदार रखने वाले मकान मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। लंबित मामलों की समीक्षा में कोटद्वार, श्रीनगर, लक्ष्मणझूला थानों की विवेचनाओं में साक्ष्य एकत्र कर विवेचनाओं शीघ्र करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर करीब 20 पुलिस कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। बैठक में एएसपी कोटद्वार जया बलोनी, सीओ पौड़ी अनुज कुमार, सीओ कोटद्वार विभव सैनी, आरआई अनुराग कुमार सहित सभी थानों के प्रभारी मौजूद रहे।

## पूर्व सैनिकों के पुत्रों को मिलेगी मुफ्त ट्रेनिंग

पौड़ी। पूर्व सैनिकों के पुत्रों के लिए सेना सहित अर्द्धसैनिक बलों और पुलिस में भर्ती से पहले प्रशिक्षण शिविर का आयोजन देहरादून में किया जा रहा है। ये शिविर चार चरणों में 17 जून से निशुल्क शुरू होंगे। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, लैंसडौन कर्नल (सेनि.) ओमप्रकाश फरस्वाण ने बताया कि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय देहरादून द्वारा यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें प्रदेश के पूर्व सैनिकों एवं सैनिक विधवाओं के पुत्र आवेदन कर सकते हैं। इस शिविर में हिस्सा लेने वाले युवा अपने आवेदन 8 जून तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय लैंसडौन या सीधे जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय देहरादून में जमा कर सकते हैं।

## पौड़ी में बीडीओ दफ्तर तक पहुंची जंगल की आग

पौड़ी। पौड़ी बीडीओ दफ्तर से सटे सिविल जंगलों में शुक्रवार सुबह ही आग धधक गई। जंगल की यह आग बीडीओ दफ्तर के परिसर के बहुत करीब तक भी पहुंच गई थी। बीडीओ पौड़ी दृष्टि आनंद ने तत्काल इसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी। एफएसओ सुनील तिवारी ने बताया कि करीब 2 घंटे की मशक्कत की बाद करीब 11 बजे जंगल की आग पर काबू पाया जा सका। पौड़ी में जंगलों में आग लगने का सिलसिला थम नहीं रहा है। बुधवार को हुई झमाझम बारिश के बाद भी एक फिर जंगलों में आग लगनी शुरू हो गई है। पौड़ी जिले में इस बार सिविल के साथ ही रिजर्व वन भी आग की चपेट में आए। बेकाबू हुई जंगल की आग को देखते हुए आदवाणी क्षेत्र में जंगल की आग को बुझाने के लिए हैली सेवा की भी मदद लेनी पड़ी थी। शुक्रवार को आग बीडीओ दफ्तर क पहुंच गई। जिसे बुझाने में फायर बिग्रेड की मदद लेनी पड़ी। डीएफओ सिविल प्रदीप कुमार ने बताया कि बारिश के बाद फिर तापमान बढ़ रहा है। सिविल क्षेत्र में गुरुवार सुबह को किसी ने आग लगा दी थी। इसके साथ केवर्स साइड में भी एक जगह जंगल में आग लग गई थी इस पर भी काबू पा लिया गया है। जंगलों की आग के मद्देनजर टीम को अलर्ट पर रखा गया है। फायर टीम में गिरीश चंद्र, लेहरी सिंह, नीलम व भगत सिंह आदि शामिल रहे।

## ग्लास हाउस के जंगल धूं-धूं कर जले

श्रीनगर गढ़वाल। नगर निगम क्षेत्रांर्गत ग्लास हाउस के ऊपरी जंगल शुक्रवार को दोपहर में धधक उठे। जिससे वन संपदा के साथ ही बेशकिमति पौधों नष्ट हो गए। गनीमत रही जंगल की आग हैप्रेक के ओर से स्थापित जंगल तक नहीं पहुंची। सिविल सोयम वनक्षेत्राधिकारी राजेंद्र कुकरेती ने बताया कि सूचना मिलने के बाद जंगल की आग पर काबू पा लिया गया है। बताया कि आग खेतों से जंगलों की ओर पहुंची है। उन्होंने स्थानीय लोगों से खेतों में आड़ा ना जलाने की अपील की है।


## इमरजेंसी में एक्सपर्ट डॉक्टर 24 घंटे तैनात रहे: डा. रावत

श्रीनगर गढ़वाल। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पौड़ी जनपद के सीएमओ और श्रीनगर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा हैं कि बेस चिकित्सालय श्रीकोट चार जनपदों का सबसे बड़ा चिकित्सालय है। ऐसे में किसी भी मरीज को हायर सेंटर रेफर न करके उच्च कोटी का इलाज देने को कहा। कहा कि अस्पतालों में डॉक्टर और उपकरण की पूर्ण रूप से व्यवस्था की गई है। डॉ. रावत ने कहा कि अस्पतालों की इमरजेंसी में एक्सपर्ट डॉक्टर 24 घंटे तैनात रहने के साथ ही अस्पताल की साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये।

# पत्नी के Work From Home के जरिए पति ने कमाए 16 करोड़

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 08 जून : अमेरिका के टेक्सास के रहने वाला टायलर लाउडन ने चंद दिनों में 16 करोड़ की संपत्ति बना ली। आपको जानकार हैरानी होगी कि इतने कम समय में इतनी बड़ी कमाई उसके सिर्फ एक आइडिया का नतीजा थी। दरअसल टायलर की पत्नी Work From Home पर है। पत्नी जब अपने काम पर होती तो उसका पति टायलर उसकी सारी बातें सुनता था कि वो किससे और क्या बातें कर रही हैं।




क्या प्रोजेक्ट बन रहे हैं, कैसे बन रहे हैं, ये सब कुछ वो छिपकर सुनता था, बस फिर क्या था, पत्नी के काम से चोरी करके आइडिया उसने अपनाया और करोड़पति बन गया।बता दें कि टायलर की पत्नी BP Plc पहले ब्रिटिश पेट्रोलियम और बीपी अमोको कंपनी में विलय और अधिग्रहण प्रबंधक के तौर पर काम किया है। इस काम में अमेरिकी सिक्योरिटी और एक्सचेंज कमीशन का भी जिक्र हुआ है। टेक्सास के SEC और अमेरिकी अभियोजकों ने बताया कि टायलर को उसकी पत्नी की बातों से पता चला था कि उसे किस कंपनी के शेयर खरीदने चाहिए और किसके नहीं। बस उसने यही किया, उसने शेयर खरीदे और मालामाल हो गया।लेकिन जब ये पूरा मामला सामने आया कि पति ने पत्नी के ऑफिस की बातें चोरी-छिपे सुनकर ये काम किया तो दोनों के बीच तलाक हो गया और दोनों अलग-अलग हो गए। दरअसल कोरोना के समय से ही टायलर की पत्नी Work From Home पर थी।टायलर ने इस अवैध ट्रेडिंग से पैसा तो कमा लिया लेकिन इसका राज खुलने के बाद उसे ये पैसा लौटाना पड़ा। और तो और उसे जुर्माना भी भरना पड़ा था। बता दें कि टायलर ने इस अवैध ट्रेडिंग से करीब 2 मिलियन डॉलर का प्रॉफिट कमाया था। भारतीय रुपयों में आंकें तो ये प्रॉफिट करीब 16,58,65,800.00 करोड़ रुपये का बैठता है। लेकिन अब ये सारा पैसा टायलर को लौटाना पड़ा है।

# पति की मौत पर पत्नी ने जमकर की पार्टी मेहमानों को बांटे तोहफे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 08 जून : जब भी कोई अपना या करीबी इस दुनिया को हमेशा के लिए छोड़ जाता है, तो इस गम को भुलाने में लोगों को महीनों और कई बार तो सालों लग जाते हैं. लेकिन क्या हो जब कोई पति की मौत पर मातम मनाने की बजाए, जमकर पार्टी करने लगे. बीते दिनों अमेरिका के एरिजोना में कुछ ऐसा ही देखने को मिला, जब एक महिला ने पति की मौत के बाद न केवल जोरदार पार्टी की, बल्कि उसमें शामिल हुए 500 मेहमानों को तोहफे भी बांटे. यही नहीं, महिला ने मेहमानों के बच्चों के लिए तरह-तरह के झूले भी लगवाए थे, ताकि वो भी जमकर मौज कर सकें। जाहिर है, आप सोच में पड़ गए होंगे कि कोई पत्नी ऐसा कैसे कर सकती है. लेकिन जैसा आप सोच रहे हैं, वैसा कुछ भी नहीं है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 40 वर्षीय केटी यंग के पति की मौत ब्रेन स्ट्रोक की वजह से हुई थी. उनके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिनकी उम्र 12 से आठ साल के बीच है. असल में केटी नहीं चाहती थीं कि पिता की मौत की खबर से बच्चे भी सदमे में चले जाएं, इसलिए उन्होंने कलेजे पर पत्थर रखकर यह फैसला किया।

केटी ने कहा, 'मैं चाहती थी कि बच्चे अपने पिता के साथ गुजारे अच्छे लम्हों को याद कर आगे बढ़ें न कि रोने-धोने वाले भाषणों को सुनकर सदमे में चले जाएं. इसलिए मातम मनाने के बजाए, मैंने एक ऐसी पार्टी का आयोजन किया, जिसमें अपने पति के साथ बिताए खूबसूरत पलों को याद किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर 500 मेहमानों वाली इस पार्टी का वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें बच्चों के लिए बाउंसी कैसल और पति के पसंदीदा चिप्स और डिप्स वगैरह शामिल थे. इस दौरान मेहमानों को एल्बम दिखाए गए और उन्हें तोहफे के रूप में गुडी बैग में यादगार चीजें भी दी गईं. इसके अलावा पूरी पार्टी में केटी के पति के पसंद का म्यूजिक बजता रहा ,केटी ने बताया कि उन्होंने अपने घर में ही पार्टी रखी थी, क्योंकि उनके पति को यह जगह सबसे प्रिय थी. वहीं, पार्टी में अपने बच्चों को हंसता-मुस्कुराता देखकर उनका कहना है कि इससे उनके पति की आत्मा को शांति मिली होगी.



# संपादकीय

## भाजपा से क्यों रूठे राम?

अयोध्या के राम मंदिर ने भाजपा की चुनावी मदद क्यों नहीं की? राम मंदिर आम चुनाव, 2024 का प्रमुख मुद्दा क्यों नहीं बन पाया? क्या प्रभु राम भाजपा से रूठ गए हैं? श्रीराम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा का समारोह 22 जनवरी, 2024 को इस मकसद से तय किया गया था कि राम मंदिर चुनावों तक एक प्रमुख मुद्दा बना रहेगा और उसके मद्देनजर ध्रुवीकरण होगा। भाजपा को चुनावी लाभ होगा। राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन सतही तौर पर किसी ने भी किया हो, लेकिन उसके सूत्रधार, प्रथम यजमान प्रधानमंत्री मोदी ही थे। फोकस उन्हीं पर था। एक रामभक्त की तरह, पैदल चलते हुए और आरती की थाली लेकर, प्रधानमंत्री ही राम-प्रतिमा तक गए थे। पूजा-पाठ की तमाम विधियां निभाई थीं। उस आयोजन के बाद बूथ स्तर के काडर को निर्देश दिए गए थे कि भक्तों को अयोध्या तक लाया जाए, ताकि वे सहजता से प्रभु राम के दर्शन कर सकें। अयोध्या के पुनरोत्थान, विकास और विस्तार पर भाजपा की डबल इंजन सरकारों ने 70,000 करोड़ रुपए से अधिक खर्च कर दिया था। अयोध्या का चेहरा ही बदल दिया, लेकिन अयोध्या के मतदाताओं ने भाजपा उम्मीदवार लल्लू सिंह को ही 54,000 से अधिक मतों से हरा दिया। लल्लू सिंह को 2014 और 2019 में लगातार दो बार अयोध्या (फैजाबाद) का सांसद चुना गया था। यही नहीं, 26 केंद्रीय मंत्री भी चुनाव हार गए। उनमें स्मृति ईरानी, महेंद्र पांडेय, कौशल किशोर, साध्वी निरंजन ज्योति, अजय मिश्रा, भानुप्रताप वर्मा आदि केंद्रीय मंत्री उप्र से ही सांसद चुनकर आए थे। इस बार अयोध्या के इर्द-गिर्द 4-5 अन्य संसदीय क्षेत्रों में भी भाजपा को पराजित किया गया। भाजपा का वोट प्रतिशत 50 फीसदी से घटकर 41 फीसदी हो गया और वह 29 सीट नीचे फिसल गई, जबकि सपा का वोट प्रतिशत 18.11 फीसदी से उछल कर 33.5 फीसदी हो गया। सपा की इस चुनाव में ही 32 सीटें बढ़ गईं। कांग्रेस के हिस्से भी 6 सांसद आ गए, जिसके मात्र 2 विधायक हैं। प्रभु राम भाजपा से एकदम क्यों रूठ गए? विशेषज्ञ मान रहे थे कि भाजपा 80 में से 70 से अधिक सीटें तो जीत सकती है। उप्र के कारण ही भाजपा लोकसभा में स्पष्ट बहुमत हासिल करने में नाकाम रही। सवाल है कि क्या संविधान बदलने, लोकतंत्र खत्म करने, आरक्षण की व्यवस्था समाप्त करने सरीखे भ्रामक मुद्दे इतने प्रभावशाली साबित हुए कि रामभक्तों ने भी भाजपा को खारिज कर दिया और उस पार्टी को वोट दिए, जिसके मुख्यमंत्री ने रामभक्तों, कारसेवकों पर गोलियों की बौछार करवा उनकी हत्याएं कराई थीं। अयोध्या (फैजाबाद) के पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने भी बयान दिया था कि भाजपा को 400 सीटें इसलिए चाहिए, ताकि संविधान में अपेक्षित बदलाव किए जा सकें। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने इसकी गलत व्याख्या की कि भाजपा संविधान को ही बदलना चाहती है। संविधान बदल जाएगा, तो आरक्षण की व्यवस्था भी समाप्त हो जाएगी। इसका जबरदस्त असर दलितों, आदिवासियों, ओबीसी पर पड़ा और उन्होंने रामभक्त होते हुए भी भाजपा के खिलाफ लामबंद होकर मतदान किया। मतों का ध्रुवीकरण ऐसा हुआ कि प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी सीट से 1.52 लाख से कुछ ज्यादा मतों से ही जीते।

## इस साल जिला योजना से विकास को 67.35 करोड़ रुपये खर्च होंगे

हरिद्वार। डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल ने शुक्रवार को विकास भवन सभागार में जिला योजना की बैठक ली। बैठक में सीडीओ प्रतीक जैन ने बताया कि इस वर्ष जिला योजना के तहत विकास कार्यों में 67.35 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पिछले वर्ष जिला योजना में 62.348 करोड़ रुपये का बजट रखा गया था। बैठक में डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल ने कहा कि इन्टीग्रेटेड फार्मिंग, रोजगारपरक और कलस्टर आधारित योजनाओं को प्राथमिकता से शामिल किया जाए। उन्होंने घटते भू-जल स्तर पर चिंता व्यक्त की। कहा कि वर्तमान में चल रही योजनाओं को पूरा करने के लिए बजट की मांग की जाए। किसी भी योजना में टोकन मनी न रखी जाए। कहा कि जिला योजना के वित्तीय तथा भौतिक लक्ष्यों में तालमेल अवश्य रखा जाए। योजनाएं जन-आकांक्षाओं के अनुरूप तैयार की जाएं।

# यहाँ नहीं चलती हैं कारें, घोड़ा गाड़ियों-साइकिलों से सफर करते हैं लोग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 08 जून : अमेरिका के मिशिगन में मैकिनेक द्वीप है, जहां लगभग 125 सालों से मोटर व्हीकल्स पर बैन लगा हुआ है. पूरे द्वीप पर आपको ढूंढने से भी कारें नहीं मिलेंगी. यहां के लोग घोड़ा गाड़ियों और साइकिलों से सफर करते हैं. यही उनके यातायात के मुख्य साधन हैं. मोटर व्हीकल पर बैन से द्वीप को यह बड़ा फायदा हुआ है कि वहां कि हवा की क्वालिटी काफी अच्छी है. अब इसी द्वीप से जुड़ा एक फोटो वायरल हो रहा है. आइए जानते हैं कि ये द्वीप और किन बातों में अनोखा है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ये फोटो एक यूजर ने पोस्ट किया है, जिसके कैप्शन में बताया गया है कि, 'मैकिनैक द्वीप में 1898 से मोटर व्हीकल्स पर प्रतिबंध लगा हुआ है. केवल इमरजेंसी में ही स्नोमोबाइल्स को ही चलने की इजाजत दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, द्वीप के नेताओं ने 6 जुलाई, 1898 को मोटर व्हीकल पर बैन लगा दिया क्योंकि लोगों ने शिकायत की थी कि नई मोटर गाड़ियां की वजह से उनके घोड़े डर जाते हैं. घोड़ों के बिदकना से होने वाली घटनाओं को देखते हुए तब मोटर व्हीकल्स पर बैन लगा दिया गया था।



मिशिगन की मैकिनेक काउंटी में मैकिनेक द्वीप एक समर रिसॉर्ट सिटी है, जो ह्यूरन झील के पास स्थित है. इस द्वीप की जनसंख्या 583 है और इसका सतह क्षेत्रफल 48.8 वर्ग किलोमीटर है. यह जगह अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाती है। प्राकृतिक सुंदरता के अलावा ये द्वीप ग्रांड होटल, आर्क रॉक और मैकिनेक कॉलेज के लिए भी काफी फेमस है. साथ ही द्वीप पर अद्भुत प्राकृतिक नजारे देखने को मिलते हैं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग यहां घूमने के लिए आते हैं. यह द्वीप अपने त्योहारों के लिए भी प्रसिद्ध है। इसके अलावा यहां स्थित द ग्रैंड होटल बड़ा ही फेमस है, जो यहां की सबसे आइकॉनिक इमारत है. यह एक विक्टोरियन डिजाइन का होटल है, जिसमें दुनिया का सबसे लंबा फ्रंट पोर्च है. होटल में खूबसूरत बगीचें भी हैं, जिनकी सुंदरता अद्भुत बताई जाती है।

दैनिक न्यूज़ वायरस

**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002

**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com

**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# सैन्य धाम को देखने के लिए देश-दुनिया से लोग यहां पहुंचेंगे : गणेश जोशी






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 08 जून : सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आदर्श आचार संहिता के समाप्ति के तुरंत बाद देहरादून स्थित गुनियाल गांव में सैन्य धाम निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने निर्माण कार्यों जायजा लेते हुए संबंधित कार्यदायी संस्था के अधिकारियों और विभागीय अधिकारियों को सैन्य धाम के अंतिम चरण के कार्यों को तेज गति तथा निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सैनिक कल्याण मंत्री ने अधिकारियों को सैन्य धाम निर्माण से संबंधित आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को सैन्य धाम की भव्यता और दिव्यता का विशेष ध्यान देने और निर्माण कार्य में इस्तेमाल सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

सैनिक कल्याण मंत्री ने मीडिया में जारी बयान देते हुए कहा सैन्य धाम करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। उन्होंने कहा सैन्यधाम का निर्माण कार्य लगभग अंतिम चरण में है। देशभर के स्मारकों का अध्ययन करने के बाद सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि यह सैन्य धाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना और प्रदेश सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। सैन्य धाम का निर्माण कार्य तेजी के साथ चल रहा है। उन्होंने बताया धाम में 120 फीट ऊंचा तिरंगा भी लगाया जा रहा है।

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा उत्तराखंड में बन रहे सैन्य धाम की भव्यता व दिव्यता का भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा भारतीय सेना में जिन दो सैनिकों की पूजा की जाती है, बाबा हरभजन सिंह और बाबा जसवंत सिंह का मंदिर का निर्माण सैन्य धाम में किया जा रहा है। उन्होंने कहा देश के प्रथम सीडीएस और उत्तराखंड का गौरव स्व. जनरल बिपिन रावत के नाम पर सैन्य धाम का मुख्य गेट बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा निश्चित ही जब यह सैन्य धाम बनकर तैयार होगा यह जिस प्रकार चारों धामों के दर्शन करने के लिए देश भर से यात्री उत्तराखंड पहुंचते हैं। ठीक उसी प्रकार सैन्य धाम को देखने के लिए भी देश-दुनिया से लोग यहां पहुंचेंगे।

इस अवसर पर पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक पुंडीर, सैनिक कल्याण निदेशक ब्रिगेडियर अमृत लाल, उपनिदेशक कर्नल एमएस जोधा, संयुक्त सचिव सुनील सिंह, परियोजना निदेशक रवींद्र कुमार, योगेश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## उत्तरी हरिद्वार में भाजपा की बढ़त पर खुशी जताई

हरिद्वार। उत्तरी हरिद्वार से भाजपा प्रत्याशी को बढ़त मिलने पर शुक्रवार को कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी जताई। सप्तऋषि मंडल के अध्यक्ष तरुण नैयर के साथ कार्यकर्ताओं ने दूधाधारी चौक पर एक दूसरे को मिठाई खिलाई। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक मदन कौशिक के नेतृत्व में यह जीत हुई है। बताया कि सप्तऋषि मंडल में कांग्रेस को 5763 वोट मिले जबकि भाजपा को 21168 वोट मिले। इस मौके पर निवर्तमान पार्षद अनिल मिश्रा, विनीत जोली, मंडल महामंत्री देवेश ममगई, युवा मोर्चा नेता विदित शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम माकन, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मुकेश पुरी, युवा नेता आकाश भाटी, मीडिया प्रभारी विकल राठी, वीरेंद्र सेमवाल, केतन सहगल, राजेश पुरी, आकाश चौहान, मोहित वर्मा आदि मौजूद रहे।

## ब्लड बैंक में हुई घटना पर ब्लड बैंक प्रभारी ने लैब टेक्नीशियन से मांगा स्पष्टीकरण

हरिद्वार। जिला ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. रविंद्र चौहान ने बुधवार रात की घटना को लेकर ब्लड बैंक दो लैब टेक्नीशियनों से स्पष्टीकरण मांगा है। साथ डयूटी पर समय से आने तथा दूसरे लैब टेक्नीशियन के आने के बाद ही कार्य स्थल छोड़ने के निर्देश दिए हैं। बहादराबाद से जिला ब्लड बैंक में बुधवार की रात अपनी मां के लिए खून लेने आए युवक नसीम को करीब डेढ़ घंटे तक खून नहीं दिया गया। इससे गुस्साए युवक ने लैब के गेट पर लगे कांच पर हाथ मारकर अपने को घायल कर लिया था। युवक ने लैब टेक्नीशियन पर रात में देरी से आने, खून नहीं देने और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया था। इस मामले की सूचना सीएमओ कार्यालय तक पहुंचने के बाद जिला ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. रविंद्र चौहान ने दो लैब टेक्नीशियनों उमेश सैनी और हरीश सेमवाल से घटनाक्रम को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है।

## रानीपुर और सिडकुल से बाइक चोरी

हरिद्वार। सिडकुल और रानीपुर कोतवाली क्षेत्र से एक एक बाइक चोरी हो गई। सिडकुल क्षेत्र की पेरिस फार्मास्यूटिकल कंपनी के बाहर से एक कर्मचारी की बाइक दो दिन पहले चोरी हो गई। पुलिस ने पीड़ित विजेन्द्र सिंह निवासी परमार्थ आश्रम सप्त सरोवर भूपतवाला की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरी तरफ शिवालिक नगर निवासी अंकित रावत की बाइक उनके घर के बाहर से चोरी कर ली गई। पुलिस ने शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## राम राज्य स्थापित करना है तो उनके आदर्शों और विचारों को आत्मसात करें: डॉ. रामविलास

हरिद्वार। ब्रह्मर्षि डॉ. रामविलास दास वेदांती ने शुक्रवार को कहा कि राम की सही मायने में आराधना करनी है और राम राज्य स्थापित करना है तो जय श्रीराम के उच्चारण के पहले उनके आदर्शों और विचारों को आत्मसात किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रेमनगर आश्रम में वशिष्ठ भवन धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट की ओर से चल रही श्रीमद् वाल्मीकि श्रीराम कथा के दूसरे दिन यह बातें कही। कथा व्यास डॉ. रामविलास दास वेदांती ने भगवान राम के जन्मोत्सव का प्रसंग मधुर गायन के साथ सुनाया। जिसे सुनकर भक्तों के आनंद की कोई सीमा नहीं रही और उन्होंने नाच गाकर खुशी मनाई। भक्तों ने कथा व्यास के साथ हर्ष और उल्लास के साथ भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया। कथा पंडाल भक्तिमय वातावरण से भर गया।

## होटल कर्मियों को खाद्य सुरक्षा से संबंधित जानकारियां दी

हरिद्वार। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से शुक्रवार को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में शहर के एक होटल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें होटल व्यवसाय से जुड़े कर्मिकों को खाद्य सुरक्षा से संबंधित जानकारियां दी गई। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमएन जोशी ने बताया कि साल 2019 में विश्व स्वास्थ्य संगठन, खाद्य और कृषि संगठन के सहयोग से इस दिन को पहली बार सेलिब्रेट किया गया था। ताकि लोगों को बेहतर खानपान को लेकर जागरूक किया जा सके। बताया कि स्वास्थ्य के लिये पौष्टिक भोजन और स्वच्छ जल की जरूरत होती है।

## बेगम के कार की जगह बुलेट मोटरसाइकिल लाने पर टॉर्चर, दहेज हत्या में शौहर-जेठ के खिलाफ ऐक्शन

हरिद्वार। शादी के बाद नई नवेली दुल्हन का मानों सारा संसार ही उजड़ गया हो। शादी के बाद ससुराल में कार की जगह बुलेट मोटरसाइकिल लाने पर बेगम के ऊपर टॉचर हुआ। तंग आकर शादीशुदा महिला ने जहर खा कर सुसाइड कर लिया। पुलिस ने दहेज हत्या में शौहर और जेठ के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह हैरान करने वाला मामला हरिद्वार जिले में सामने आया है। दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों की मारपीट से तंग विवाहिता ने निकाह के चार महीने बाद ही जहर खा लिया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने गुरुवार को महिला के पति व जेठ पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। हबीबपुर कुड़ी खानपुर के नूरहसन ने 31 जनवरी 2024 खानपुर के अपनी बेटी आसकीन का निकाह पास के लालचंदवाला निवासी परवेज से किया था। निकाह के अगले ही दिन ससुरालियों ने आसकीन से कहा कि उसके मायके वालों ने दहेज में बुलेट बाइक दी है, जबकि उन्हें कार चाहिए। आसकीन ने मायके में बताया, पर उन्होंने इतनी हैसियत न होने की बात कहकर असमर्थता जता दी। आरोप है कि तभी से ससुराल में आसकीन के साथ मारपीट की जाने लगी। बीती रात 10 बजे आसकीन ने पिता को फोन करके बताया कि पति व जेठ उससे मारपीट कर रहे हैं। वे बेटे इनाम साबिर व प्रधान प्रवीण कुमार के साथ लालचंदवाला के लिए निकले। रास्ते में बेसुध आसकीन को लेकर आ रहे ससुरालिए मिले। उनका कहना था कि आसकीन गुस्से में बीपी बढ़ने से बेसुध हो गई है।

## शिविर में 136 यूनिट रक्तदान

हरिद्वार। सिडकुल के एक्म्स फाउंडेशन के सहयोग से शुक्रवार को आयोजित शिविर में कर्मचारियों ने करीब 136 यूनिट रक्तदान किया। जिला ब्लड बैंक प्रभारी डॉ.रविंद्र चौहान ने बताया कि जिला ब्लड बैंक की टीम ने शिविर में सहयोग किया। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ.रविंद्र चौहान ने बताया कि रक्तदान शिविर में कंपनी के कर्मचारियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। टीम में वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी सुशीला पंवार, लैब टैक्नीशियन महावीर चौहान, अकलीम अंसारी, रजनी अग्रवाल, सतीश ठाकुर, वर्णिक चौधरी, दिनेश लखेड़ा, शुभम कुमार, अंशुल गौरव, इफतेशान अंसारी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### वेदों में भारतीय वैदिक ज्ञान विज्ञान का अथाह ज्ञान समाहित है: डॉ. सत्यपाल सिंह

हरिद्वार। गुरुकुल कांगडी विवि और भक्ति वेदांत संस्थान कलकत्ता के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को विवि के संस्कृत विभाग में आयोजित तीन दिवसीय संगोष्ठी के शुभारंभ पर विवि के कुलाधिपति डॉ. सत्यपाल सिंह ने कहा कि वेदों में भारतीय वैदिक ज्ञान विज्ञान का अथाह ज्ञान समाहित है। वेदों में वर्णित ज्ञान प्रमाणिकता के साथ उपलब्ध है। भारतीय वैदिक ज्ञान विज्ञान शिक्षा प्रणाली ने दुनिया का मार्ग प्रशस्त किया है।भक्ति वेदांत संस्थान के अध्यक्ष के वासुदेव राव ने कहा कि उनका संस्थान ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाकर समाज को जागरूक करने की दिशा में निरन्तर अग्रसर है। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम का लाभ निश्चय ही दोनों संस्थानों के विद्वानों को मिलेगा। विवि के कार्यवाहक कुलपति प्रो. अम्बुज शर्मा ने भक्ति वेदांत संस्थान को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने अपने अभियान के लिए गुरुकुल कांगडी को चुना है। दोनों संस्थानों के विद्वानों द्वारा तीन दिनों तक जो मंथन किया जाएगा, उसका लाभ हमारे समाज, विशेषकर युवा वैज्ञानिकों और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वालो को मिलेगा। कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि वेदों में ज्ञान व विज्ञान का अथाह भंडार समाहित है। पूर्व कुलपति प्रो.सोमदेव शतान्शु ने विचार रखे। कार्यक्रम को प्रो. एलपी पुरोहित, धीरज दूबे, प्रकाशचंद ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रो.श्रवण कुमार शर्मा, प्रो. ब्रहमदेव, प्रो. सुचित्रा मलिक, प्रो. नमिता जोशी, प्रो. डीएस मलिक, डॉ. अजेन्द्र, डॉ. नीतिन काम्बोज, डॉ. धर्मेन्द्र बालियान, डॉ. अरुण कुमार, वरुण अग्रवाल, स्वामी जितूनदास सहित विभिन्न शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा शोधार्थी उपस्थित रहे।

### चोरी की फिराक में घूम रहे तीन संदिग्ध गिरफ्तार

हरिद्वार। हरिद्वार। चोरी की फिराक में घूम रहे तीन दोस्तों को सिडकुल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर उनका चालान किया गया है।एसओ मनोहर भंडारी ने बताया कि गुरुवार की रात को पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली और टीम ने रोशनाबाद टेंपो स्टैंड के पास से तीन संदिग्धों को धर लिया। आरोपियों के कब्जे से चोरी के औजार बरामद हुए। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम फैसल पुत्र मीर हसन, नवाब पुत्र यूनुस निवासीगण ग्राम गढ़मीरपुर थाना रानीपुर और कौशल पुत्र परशुराम निवासी दौलतपुर मोहलिया थाना बांदा जिला शाहजहांपुर बताया।

### डेंगू आने से पूर्व रोकथाम को आवश्यक कदम उठाने की मांग की

हरिद्वार। महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने शुक्रवार को मुख्य सचिव को पत्र भेजकर संक्रामक बीमारियों विशेषकर डेंगू की रोकथाम के लिए उचित कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इसके लिए नगर आयुक्त की ओर से समस्त वार्डों में कीटनाशकों का छिड़काव और रात में फागिंग कराई जानी चाहिए। कहा कि जुलाई में निजी और सरकारी स्कूल खुलने से पहले सभी स्कूलों और दफ्तरों में नियमित छिड़काव कराया जाना चाहिए, जिससे डेंगू को फैलने से रोका जा सके। इस दौरान सोनू चौधरी, रणवीर शर्मा, जितेंद्र चोरसिया, मुकेश अग्रवाल, सुनील मनोचा, पंकज माटा, भूदेव शर्मा, प्रीत कमल, अजितेश कुमार, अनिल कोरी, एसएन तिवारी, राकेश सिंह, पवन पांडे, दीपक कुमार, विनेश शर्मा रहे।

### दूध के रुपये मांगने गए कारोबारी पर फावड़े से हमला किया

हरिद्वार। दूध के 40 हजार रुपये मांगने पहुंचे एक कारोबारी पर शुक्रवार को फावड़े से हमला कर दिया गया। ज्वालापुर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ज्वालापुर के मोहल्ला कस्साबान निवासी मतलूब ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह डेयरी का काम करता है। अपने कारोबार के चलते उसकी मुलाकात लियाकत निवासी कलियर, मंगता और शहजाद निवासीगण एक्कड़ खुर्द हरिद्वार से हुई थी। बताया कि बीते दिनों वह लियाकत की डेयरी लालपुर मन्दिर के सामने ज्वालापुर में अपने 40 हजार रुपये मांगने गया था।